राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 142
लखनऊ, शुक्रवार 10 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अखिलेश के चाचा राजपाल सिंह यादव का निधन 03

देश का किसान बनेगा ईंधन दाता : गडकरी 12

# हमारा भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में है : मोदी

**संबोधन**

- ओडिशा की भूमि पर हर कदम पर हमें हमारी गौरवशाली विरासत के दर्शन होते हैं

**एजेंसी, भुवनेश्वर।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि हमारी विरासत हमें सिखाती है कि भविष्य युद्ध में नहीं बल्कि बुद्ध में है। साथ ही उन्होंने प्रवासी भारतीयों को भारत का सच्चा राष्ट्रदूत बताते हुए कहा कि वे जिस भी देश में जाते हैं, वहां भारतीय संस्कृति और मूल्यों को जीवंत बनाए रखते हैं।

श्री मोदी ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में जनता मैदान में आयोजित '18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन' का भव्य उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

दुनियाभर से आए प्रवासी भारतीय इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। भारत की प्रगति, संस्कृति और विकास यात्रा से जुड़ने का अवसर ओडिशा ने प्रास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में ओडिशा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को भारत की समृद्ध परंपरा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ओडिशा की भूमि पर हर कदम पर हमें हमारी गौरवशाली विरासत के दर्शन होते हैं।

सैकड़ों वर्ष पहले यहां के व्यापारी लंबी समुद्री यात्राएं कर बाली, सुमात्रा और जावा तक जाते थे। आज भी ओडिशा में बाली यात्रा का आयोजन किया जाता है, जो इस ऐतिहासिक संबंध का प्रमाण है। श्री मोदी ने सम्राट अशोक और बौद्ध धर्म का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया तलवार के दम पर साम्राज्य बढ़ाने में लगी थी, तब भारत ने शांति और अहिंसा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत हमें सिखाती है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में है।



### लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा

प्रवासी भारतीयों की भारत के सच्चा सांस्कृतिक दूत बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीयों को भारत का सच्चा राष्ट्रदूत बताते हुए कहा कि वे जिस भी देश में जाते हैं, वहां भारतीय संस्कृति और मूल्यों को जीवंत बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ लोकतंत्र की जननी नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है। विविधता हमारे संस्कारों में है, और यह हमें सिखानी नहीं पड़ती, बल्कि हमारे जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है।

### जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट देश के जैव प्रौद्योगिकी परिदृश्य में एक निर्णायक क्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट देश के जैव प्रौद्योगिकी परिदृश्य में एक निर्णायक क्षण है। इस प्रोजेक्ट की मदद से हम देश में डायवर्स जेनेटिक रिसोर्स बनाने में सफल हुए हैं। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट की शुरुआत पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज भारत ने शोध की दुनिया में बहुत ही ऐतिहासिक कदम उठाया है। पांच साल पहले जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट को स्वीकृत किया गया था। इस बीच कोविड की चुनौतियों के बावजूद हमारे वैज्ञानिकों ने बहुत मेहनत से इस प्रोजेक्ट को पूरा किया है। मोदी ने कहा कि इस शोध में आईआईएससी, आईआईटी, सीएसआईआर और डीबीटी-ब्रिक जैसे 20 से अधिक प्रतिष्ठित शोध संस्थानों ने प्रमुख भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि 10 हजार भारतीयों के जीनोम अनुक्रमों (सीक्वेंसिंग) से युक्त डेटा अब भारतीय जैविक डेटा केंद्र में उपलब्ध है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह परियोजना जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी और उन्होंने परियोजना से जुड़े सभी हितधारकों को बधाई दी।

### मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) के आयोजन स्थल जनता मैदान से गुरूवार को विशेष अत्याधुनिक पर्यटक ट्रेन प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यह विशेष पर्यटक ट्रेन विशेष रूप से भारतीय प्रवासियों के लिए डिज़ाइन की गई है। श्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाना 1915 में महात्मा गांधी की दक्षिण अफ्रीका से भारत वापसी की वर्षगांठ के साथ मेल खाता है। इसी दिन 1915 में महात्मा गांधी लंबे समय तक विदेश में रहने के बाद भारत लौटे थे।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने रद्द की यूपी पुलिस रेडियो ऑपरेटर भर्ती

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से निकाली गई पुलिस रेडियो ऑपरेटर भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। भर्ती रद्द होते ही केंद्रीय एजेंसियां सक्रिय होंगी और बोर्ड के पूर्व अधिकारियों पर इस नए मामले में भी जांच का शिकंजा कस सकता है। पिछली जांच अभी जारी है।

न्यायमूर्ति आलोक माथुर की एकल पीठ ने रवि शुक्ला की ओर से दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाते हुए कहा कि पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को भर्ती के लिए योग्यता मानकों में बदलाव शासन स्तर पर हो सकता हैं। बोर्ड को बदलाव करने करने का कोई भी अधिकार नहीं हैं। बोर्ड को अब नए सिरे प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

उल्लेखनीय है कि पुलिस भर्ती बोर्ड ने वर्ष 2022 में रेडियो ऑपरेटर के 936 पदों पर भर्ती निकाली थी। इसके लिए तकरीबन 80 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था और 40 हजार ने परीक्षा में हिस्सा लिया था। मामला कोर्ट में जाने के कारण परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं हुआ था। वजह यह थी कि भर्ती का नोटिफिकेशन जारी हुआ था तो आवेदन के लिए डिप्लोमा की योग्यता मांगी गई थी। इससे पूर्व बार्ड की तत्कालीन चेयरमैन रेणुका ने इस भर्ती के लिए डिग्री प्राप्त अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। मौजूद चेयरमैन राजीव कृष्णा ने डिग्री धारकों को योग्य माने जाने पर प्रस्ताव रद्द कर दिया। इसके बाद अभ्यर्थी इस फैसले के विरूद्ध इलाहाबाद कोर्ट चले गये। इस पर फैसला सुनाते हुए न्यायालय ने प्रक्रिया रद्द कर दिया है।

**फैसला**

- भर्ती रद्द होते ही केंद्रीय जांच एजेंसियां सक्रिय

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में केवेंटर्स ब्रांड की शॉप पर राहुल गांधी ने बनाई कोल्ड कॉफी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दिल्ली स्थित केवेंटर्स ब्रांड की शॉप में गए और उन्होंने वहां कोल्ड कॉफी बनाई। ब्रांड प्रमोटर से चर्चा का एक वीडियो राहुल ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। राहुल ने कहा कि आप नई पीढ़ी और नए बाजार के लिए विरासत से चले आ रहे ब्रांड को कैसे बदल सकते हैं, इस बारे में केवेंटर्स के युवा संस्थापकों ने उन्हें बताया। राहुल ने कहा कि केवेंटर्स जैसे निष्पक्ष व्यवसायों ने पीढ़ियों से हमारी आर्थिक वृद्धि को गति दी है। इसलिए हमें उनका समर्थन करने की कोशिश करनी चाहिए।

### राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा। इस दौरान प्रत्येक शनिवार को होने वाला गार्डों की अदला-बदली का समारोह भी नहीं होगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) का दौरा आम जनता के लिए 21 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण राष्ट्रपति भवन में 11, 18 और 25 जनवरी को गार्डों की अदला-बदली का समारोह भी नहीं होगा।

### प्रधानमंत्री के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए 2.79 करोड़ से अधिक ने पंजीकरण कराया

**नई दिल्ली।** विद्यार्थियों के परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव के माहौल में बदलने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी)-2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जोरों पर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 2.79 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कर इसे राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप दे दिया है।

### सुकमा-बीजापुर सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिलों की सीमा से लगे कोर माओवादी क्षेत्र में गुरुवार की सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ के दौरान तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। सुकमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण ने तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है।

## सीएम ने अखाड़ों में जाकर साधु-संतों से की भेंट

**समृद्धि न्यूज, महाकुंभनगर।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को महाकुंभ मेले का भ्रमण किया। उन्होंने मेले की व्यवस्थाओं व सुविधाओं का जायजा लिया और सभी 13 अखाड़ों का भ्रमण कर साधु-संतों से भेंट की व उनका हालचाल भी जाना। मुख्यमंत्री ने रात्रि विश्राम मेला क्षेत्र में ही किया और रात्रि का भोजन प्रसाद साधु-संतों के साथ ही ग्रहण किया।

श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज, अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज, सचिव श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, मेला प्रभारी मेला प्रभारी



श्रीमहंत मोहन भारती महाराज, रमता पंच के श्रीमहंत मोहन गिरि महाराज, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, अष्टकौशल मंहत योगेश्वरानंद गिरि महाराज समेत सभी साधु-संतों से भेंटकर उनका हालचाल जाना।

मुख्यमंत्री ने संतों के साथ महाकुंभ मेले की व्यवस्थाओं व सुविधाओं को लेकर चर्चा की तथा महाकुंभ मेले को भव्य, दिव्य, ऐतिहासिक व यादगार बनाने के लिए सुझाव भी लिए। श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज महाकुंभ मेले को अब तक का सबसे भव्य व दिव्य बनाने के लिए प्रयासरत हैं। महाकुंभ मेले में विश्वभर से 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं व लाखों की संख्या में संतों के आने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं व संतों को मेले में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसी सुविधाएं व व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई हैं कि पूरे विश्व में सराहना हो रही है।

### वक्फबोर्ड के नाम पर कब्जा करने वालों से एक-एक इंच जमीन वापस लेंगे : योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार वक्फबोर्ड के नाम पर कब्जा की गई एक-एक इंच जमीन को वापस लेने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वक्फ के नाम पर जिन-जिन लोगों ने जमीनों पर कब्जा किया है, उन्हें यह जमीन वापस ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने वक्फबोर्ड पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे भू-माफियाओं का बोर्ड करार दिया। योगी ने कहा कि यह बताना मुश्किल है कि यह वक्फबोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड है। सीएम ने कहा, राज्य सरकार ने वक्फअधिनियम में संशोधन किया है और अब वक्फ के नाम पर कब्जाई गई हर एक इंच जमीन की सक्रिय जांच की जा रही है। हम इसे वापस लेंगे और इस जमीन का इस्तेमाल गरीबों के लिए घर बनाने, स्कूल और अस्पताल बनाने में करेंगे।

## केन्द्र सरकार भारतीय पुलिस को स्मार्ट बलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध : शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) भारतीय पुलिस बलों को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से युक्त करके पुलिसिंग के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए उन्हें स्मार्ट बलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में बीपीआरएंडडी के कामकाज की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, बीपीआरएंडडी के महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित गृह मंत्रालय और बीपीआरएंडडी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। गृह मंत्री ने



बीपीआरएंडडी के छह प्रभागों के साथ-साथ क्षेत्रीय कार्यालयों (सीएपीटी भोपाल और सीडीटीआई) की उपलब्धियों, चल रहे कार्यों और भविष्य की रूपरेखा का अवलोकन किया। उन्होंने नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की दिशा में बीपीआरएंडडी द्वारा किए गए प्रयासों और पहलों की भी विशेष समीक्षा की। बैठक में चर्चा के दौरान, केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि एनसीआरबी, जेल अधिकारियों व फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मिलकर बीपीआरएंडडी, मोडस ऑपरेंडी ब्यूरो में अपराधों की कार्य प्रणाली का विश्लेषण करे, जिससे अपराधों को रोकने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि बीपीआरएंडडी जमीनी स्तर पर पुलिसिंग में आने वाली कठिनाइयों को चिन्हित कर उनका समाधान निकालने की दिशा में शोध करें। अमित शाह ने शोध अध्ययनों और परियोजनाओं में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों के साथ सहयोग सहित विभिन्न हितधारकों के योगदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस बलों को अधिकतम लाभ प्रदान करने के साथ-साथ पुलिस की सार्वजनिक छवि को बेहतर बनाने के लिए बीपीआरएंडडी की परियोजनाओं और अध्ययनों के साथ-साथ प्रकाशनों के दायरे के वैश्विक स्तर पर विस्तार और आउटरीच के निर्देश दिए।

### 11 नौकरशाहों का तबादला, तबादले में लखनऊ के जिलाधिकारी भी शामिल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने आज एक बार फिर नौकरशाहों का तबादला किया है। तबादले में मुख्य रूप से लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार भी शामिल हैं, जिन्हें स्वास्थ्य विभाग में सचिव बनाया जा सकता है। सूर्यपाल गंगवार की जगह अलीगढ़ के डीएम विशाख को सौंपी जा सकती है। वहीं विशाल सिंह को मथुरा जिले का जिलाधिकारी बनाया जा सकता है जो मौजूदा समय में भदोही के डीएम हैं, जबकि गाजियाबाद के डीएम इन्द्र विक्रम सिंह को खाद्य आयुक्त, कानपुर डीएम राकेश कुमार सिंह को कानपुर आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है एवं मुख्यमंत्री के विशेष सचिव कुमार हर्ष को रायबरेली का डीएम बनाया जा सकता है।

## लखनऊ में मिला एचएमपीवी का पहला संदिग्ध केस

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ में एचएमपीवी वायरस के लक्षण मिलने पर राजेन्द्र नगर निवासी ऊषा शर्मा नामक महिला को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बलरामपुर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय तेवतिया ने इसकी पुष्टी की है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय तेवतिया ने मीडिया को बताया कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य विभाग की एचएमपीवी वायरस के लक्षण दिखने वाले हर व्यक्ति पर नजर है। इसी दौरान प्राइवेट चरक अस्पताल से बलरामपुर अस्पताल में एक महिला का केस आया है, जिसमें एचएमपीवी वायरस के लक्षण बताये गये हैं। इसके लिए महिला को भर्ती करा कर पुनः जांच कराया गया है और जांच सैम्पल को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी भेजा गया है। जहां से शनिवार की सुबह तक रिपोर्ट आ जायेगी।

डॉ. संजय तेवतिया ने बताया कि महिला के परिजन को रिपोर्ट आने के बाद ही कोई मेडिकल कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। फिलहाल महिला को अलग वार्ड में रखकर सांस सम्बंधित उपचार आरम्भ करा दिया गया है। महिला की देखभाल डाक्टरों की एक टीम कर रही है।

### पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर तीन आतंकी सहयोगियों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, कुलगाम।** कुलगाम पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर 3 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार कुलगाम में पुलिस ने सेना की 1 आरआर, 1 पैरा और सीआरपीएफ की 18 बीएन के साथ प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर व टीआरएफ से जुड़े तीन आतंकवादी सहयोगियों को पकड़ा है। इनमें कुलगाम के ठोकरपोरा काइमोह के निवासी उबैद खुर्शीद मीर पुत्र खुर्शीद अहमद मीर, मकसूद अहमद भट पुत्र मोहम्मद रमजान भट और उमर बशीर पुत्र बशीर अहमद डार हैं।

## उत्तर प्रदेश में आर्बिट ग्रुप के कई ठिकानों पर आयकर के छापे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में आयकर विभाग की टीमों ने आर्बिट ग्रुप के गोरखपुर, लखनऊ सहित नौ से अधिक ठिकानों पर गुरुवार को एक साथ छापेमारी की। लखनऊ शहर के चारों ओर जमीनों की खरीद फरोख्त का बड़ा कारोबार फैला चुकी आर्बिट ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी की खबर फैलते ही उनके कर्मियों में हड़कंप मच गया।

सूत्रों ने बताया कि गोरखपुर में आयकर की एक टीम आर्बिट ग्रुप के डायरेक्टरों के आवास पर पहुंची और आयकर से संबंधित कागजात खंगाले। आयकर विभाग के संयुक्त आयुक्त आलोक सिंह और रवींद्र कौर



सैनी के नेतृत्व में आर्बिट ग्रुप के डायरेक्टरों के आटोमोबाइल एवं रियल स्टेट के कार्यालयों, आवासों, पुराने प्रोजक्ट कार्यालयों एवं एजेंटों के ठिकानों पर छापेमारी में लेनदेन की तमाम फाइलें तलाशी जा रही हैं। डायरेक्टरों आनन्द मिश्रा और अभिषेक अग्रवाल के मोबाइल फोन स्वीच आफ बता रहे हैं।

### अगर इंडिया गठबंधन केवल संसदीय चुनावों के लिए है तो इसे समाप्त कर देना चाहिए : उमर अब्दुल्ला



**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए कोई समय सीमा नहीं है। उन्होंने इसके नेतृत्व और एजेंडे के बारे में स्पष्टता की कमी पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अगर यह गठबंधन केवल संसदीय चुनावों के लिए है तो इसे समाप्त कर देना चाहिए। अब्दुल्ला ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनावों के बाद उन्हें सभी गठबंधन सदस्यों को बैठक के लिए बुलाना चाहिए। अगर यह गठबंधन केवल संसदीय चुनावों के लिए है तो इसे समाप्त कर देना चाहिए और हम अलग-अलग काम करेंगे, लेकिन अगर यह विधानसभा चुनावों के लिए भी है तो हमें एक साथ बैठकर सामूहिक रूप से काम करना होगा।

## राजधानी में बारिश के आसार, घने कोहरे के चलते कई ट्रेनें लेट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी लखनऊ में गुरुवार सुबह से कोल्ड डे का असर बना हुआ है। सुबह लखनऊ का तापमान 7 डिग्री तक दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज अधिकतम तापमान 16 डिग्री तक रहने की संभावना है। दिन में तेज हवाएं चलेंगी। दो दिन बाद बारिश और बूंदाबांदी के भी आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार अभी एक सप्ताह तक गलन और ठिठुरन का सिलसिला जारी रह सकता है। 10 जनवरी तक बर्फीली हवा से अभी राहत नहीं मिलने वाली है। 11 और 12 को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो



जाएगा। इसके असर से बादलों की आवाजाही के बीच बूंदाबांदी या बारिश हो सकती है। इसका असर पश्चिमी यूपी से शुरू होगा। लखनऊ समेत इसके आसपास के जिलों में भी इस दौरान बूंदाबांदी और बारिश की संभावना है। दिन का पारा गिरेगा, जिससे गलन और बढ़ेगी। पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के बाद नमी की वजह से कोहरा छाएगा। अमौसी स्थित मौसम केन्द्र के अनुसार पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से कोहरा बढ़ने की संभावना है। गुरुवार को दोपहर तक सूर्य के दर्शन नहीं हुए। इसके बाद कोहरे की ओट में धूप निकली भी तो सर्द हवाओं के कारण ठंड का अहसास कम नहीं हुआ। शाम 4 बजे तक कोहरे के बीच से धूप की आंख मिचौली चलती रही।इस दौरान अधिकतम तापमान 17.1 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 1.5 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री रहा। यह सामान्य तापमान से 3 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 82 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 64 फीसदी दर्ज की गई।

### तकनीक बनी हथियार, 2,750 एआई सीसीटीवी संदिग्ध गतिविधियों पर रख रहे नजर

## अवेद्य सुरक्षा कवच में रहेगा महाकुंभ नगर

**समृद्धि न्यूज, महाकुम्भ नगर।**

दिव्य और भव्य महाकुम्भ को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए प्रबंधन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। इस बार एआई तकनीक को पुलिस ने अपना हथियार बनाया है। 2700 से ज्यादा एआई सीसीटीवी महाकुम्भ नगर में लगाए गए हैं। वह सीधे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे और उसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम को देंगे। मेले के दौरान 37,000 पुलिसकर्मी और 14,000 होमगार्ड तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही एनएसजी, एटीएस, एसटीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी चौकसी बरत रही हैं। सीसीटीवी और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में



**महाकुम्भ की सुरक्षा को बनाए गए 123 वॉच टावर, तैनात हुए स्नाइपर**

हर कोना सुरक्षित है। यहां तक कि मेले में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा।

पूरे मेला क्षेत्र में अब तक 123 वॉच टावर बनाए गए हैं, जहां स्नाइपर, एनएसजी, एटीएस और सिविल पुलिस के जवान तैनात हैं। वॉच टावरों को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि इनसे दूरबीन की मदद से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा सके। हर वॉच टावर पर अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मी मौजूद हैं। सभी वॉच टावरों को ऊंचाई और रणनीतिक स्थानों पर स्थापित किया गया है ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। पुलिस के साथ जल पुलिस और फायर ब्रिगेड भी पूरी तरह मुस्तैद हैं। महाकुम्भ मेले के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि महाकुम्भ में देश-विदेश से करीब 45 करोड़ श्रद्धालु, स्नानार्थी, कल्पवासी और पर्यटक आने की सम्भावना है। ऐसे में उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। मेले के सभी जोन और सेक्टर में अलग-अलग स्थानों पर वॉच टावर बनाए गए हैं। प्रवेश के सात मुख्य मार्गों पर भी सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

अखाड़ा क्षेत्र, बड़े हनुमान मंदिर, परेड मैदान, वीआईपी घाट, अरैल, झूसी, और सलोरी जैसे संवेदनशील स्थानों पर विशेष वॉच टावर बनाए गए हैं। यहां तैनात जवान आधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस हैं।

2,750 AI आधारित सीसीटीवी कैमरे और 80 VMD स्क्रीन मेले की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। 3 जल पुलिस स्टेशन और 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम तैनात हैं।50 फायर स्टेशन और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं। 4,300 फायर हाइड्रेंट किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

# अखिलेश के चाचा राजपाल सिंह यादव का निधन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ/इटावा।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव के चाचा राजपाल सिंह यादव का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार तड़के चार बजे निधन हो गया। वह करीब एक साल से बीमार थे।

**▸ अंत्येष्टि में शामिल हुआ यादव परिवार**



श्री यादव को गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होने अंतिम सांस ली। गुड़गांव से उनका पार्थिव शरीर सैफई लाया गया और दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार बेगमगीन माहौल में सैफई में ही निजी खेत पर कर दिया गया है। उनकी चिता को मुखाग्नि उनके बड़े बेटे जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव ने दी।

इस अवसर पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रो रामगोपाल यादव,शिवपाल सिंह यादव,डिंपल यादव,समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद नरेश उत्तम पटेल, पूर्व सांसद राजा रामपाल कानपुर, इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे, एमएलसी मुकुल यादव, पूर्व विधायक सोबरन सिंह यादव, पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप सिंह यादव, पूर्व विधायक प्रमोद गुप्ता बिधूना, पूर्व मंत्री आलोक शाक्य, पूर्व मंत्री राम सेवक यादव, पूर्व मंत्री सुभाष यादव, पूर्व विधायक राजकुमार यादव राजू, पूर्व विधायक रघुराज सिंह शाक्य, करहल विधानसभा से प्रत्याशी रहे भारतीय जनता पार्टी के अनुजेश यादव, पूर्व विधायक मानिकचंद यादव, पूर्व मंत्री रामवृक्ष यादव, आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव और बड़े भाई रामगोपाल यादव ने राजपाल के निधन पर दुख जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर उन्होंने लिखा ÷ अत्यंत दुख के साथ ये सूचित कर रहा हूँ कि मेरे अनुज राजपाल सिंह का आज सुबह चार बजे मेदांता अस्पताल गुड़गांव में असामयिक निधन हो गया है। प्रभु उनकी आत्मा को शांति दे और उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। ? शांति।÷

सपा संस्थापिक मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल सिंह की प्रारंभिक शिक्षा पैतृक गांव सैफई के स्कूल में हुई। इंटर की पढ़ाई राजपाल सिंह ने मैनपुरी जिले के करहल स्थित जैन इंटर कॉलेज में की है। बीए इटावा के के डिग्री कॉलेज से किया है। एमए लखनऊ विश्वविद्यालय से 1976 और 77 में किया है। प्रारंभिक नौकरी मेरठ सुगर मिल में की लेकिन मन नहीं लगा तो वापस इटावा आ गए। 1978 में सेंट्रल वेयरहाउस में अधीक्षक के पद पर तैनात हुए और साल 2006 में स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति के तहत बीआरएस लेकर सेवा मुक्त हो गए।

मुलायम परिवार में सबसे बड़े भाई रतन सिंह,अभय राम,कमला देवी, राजपाल सिंह और शिवपाल सिंह यादव है। इनमें में रतन सिंह यादव,मुलायम सिंह यादव और राजपाल सिंह यादव का देहावसान हो चुका है। राजपाल सिंह के बेटे अभिषेक यादव भी राजनीति में हैं, वे दो बार से जिला पंचायत अध्यक्ष है। राजपाल सिंह की पत्नी प्रेम लता भी राजनीति में सक्रिय रही है। वह मुलायम परिवार की पहली महिला थी जो राजनीति में आई थीं। उनके बाद ही परिवार की अन्य महिलाओं डिंपल यादव, शिवपाल यादव की पत्नी सरला यादव और अपर्णा यादव ने राजनीति में कदम रखा।

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों की फोटो की जाएगी वायरल, शुरू किया अभियान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी लखनऊ में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। इस दौरान लोगों को जागरूक किया गया है। हजरतगंज और 1090 चौराहे पर चलाए गए अभियान में 200 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मौके पर आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आरटीओ संदीप कुमार पंकज का कहना है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की जाएगी। इसका डेटा परिवहन विभाग इकठ्ठा कर रहा है। उन्होंने कहा बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया और दो पहिया वाहन चालकों के



खिलाफ कार्रवाई हुई है। रेड लाइट का उल्लंघन करने और जेब्रा लाइन क्रासिंग का कर उल्टी दिशा में आने वाले लोगों का चालान किया गया है। उनका कहना है कि इंटरसेप्टर वाहन से यह कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग द्वारा बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहनों पर 35 चालान, बिना हेल्मेट लगाए दो पहिया वाहन पर 60 चालान, रेड लाईट का उल्लंघन करने वालों पर 43 चालान, जेब्रा लाइन क्रसिंग का उल्लंघन करने पर 39 चालान और उल्टी दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ 23 चालान किए गए हैं। साथ ही ऐसे लोगों जागरूक किया गया है। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने और रेड लाइट नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

## खबरें एक नजर में

### बिजली कर्मी आज मनायेंगे विरोध दिवस, संघर्ष का ऐलान

**लखनऊ।** उत्तर शासन की एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा बिजली के निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया के अनुमति प्रदान करने पर बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा पनप गया है। संघर्ष समिति आज 10 जनवरी को विरोध दिवस मनाने और निजीकरण वापस होने तक सतत संघर्ष का ऐलान किया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को अंजाम देने हेतु ट्रांजैक्शन कंसलटेंट नियुक्त करने हेतु आर एफ पी डॉक्यूमेंट को अनुमति प्रदान करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और भड़काने वाला कदम है। उन्होंने कहा की इससे समस्त ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। उन्होंने कहा की 05 अप्रैल 2018 और 06 अक्टूबर 2020 को क्रमश: तत्कालीन ऊर्जा मंत्री और वित्त मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते में स्पष्ट कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में कर्मचारियों को विश्वास में लिए बिना कोई निजीकरण नहीं किया जाएगा। आज एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा निजीकरण हेतु कंसल्टेंट की नियुक्ति हेतु दिया गया अनुमोदन इस समझौते का खुला उल्लंघन है । संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2000 में जब उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद का विघटन किया गया था, तब भी कंसल्टेंट की नियुक्ति की गई थी और लगभग 15 करोड रुपए कंसलटेंट पर व्यय किए गए थे। विद्युत परिषद के विघटन का प्रयोग पूरी तरह विफल साबित हुआ है। एक बार फिर कंसल्टेंट की नियुक्ति कर सरकारी धन का अपव्यय किया जा रहा है। समिति ने कहा है कि 11-14 जनवरी को अवकाश के दिनों में आम उपभोक्ताओं के बीच निजीकरण के विरोध में अभियान चलाया जाएगा।

### सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली

**लखनऊ।** लखनऊ में सीआरपीएफजवान ने सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान केंद्रीय रिजर्व पुलिस लाइन की 93 बटालियन में तैनात था। बटालियन इंस्पेक्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर ले गई। यहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया है कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस लाइन 93 बटालियन में तैनात कांस्टेबल उपेंद्र कुमार सिंह (27) ने अपने कैंप में गोली मार ली। गुरुवार सुबह करीब 8.30 बजे गोली चलने की आवाज आई। कैंप में जाकर देखा गया तो जवान खून से लथपथ पड़ा था। उपेंद्र मूल रूप से बिहार के छपरा के रहने वाला था। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई है।

### शिया महाविद्यालय में बी. कॉम. पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की इंटर्नशिप मौखिक परीक्षा 15 से

**लखनऊ।** शिया महाविद्यालय में बी0कॉम0 पंचम सेमेस्टर के छात्र,छात्राओं की इंटर्नशिप मौखिक परीक्षा 15.01.2025 एवं 16.01.2025 को वाणिज्य संकाय में छात्र,छात्राओं के रोल नम्बर के अनुसार आयोजित की जायेगी, जिसकी सूचना महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय की वेबसाइट ूपिंबवससमहम.वतह एवं छात्र,छात्राओं के व्हाट्स गुप तथा अन्य सोशल मीडिया के माध्यम प्रसारित कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुये वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अंजुम अबरार ने बताया कि यदि किसी छात्र,छात्रा को उपरोक्त मौखिक परीक्षा के सम्बन्ध में कोई असुविधा हो तो वह महाविद्यालय आकर विभाग में सम्पर्क कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि उक्त तिथियों के पश्चात किसी भी दशा में इंटर्नशिप मौखिक परीक्षा का आयोजन कराया जा पाना सम्भव नहीं होगा, इसलिये समस्त छात्र,छात्राओं का परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

### कौशल विकास-तकनीकी शिक्षा पर संगोष्ठी आयोजित

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का विषय शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करना था। इसमें सरकारी अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मेधा के सह-संस्थापक क्रिस्टोफर टुरिल्लो के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन और अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रमुख वक्ताओं में नेहा प्रकाश (आईएएस) निदेशक प्रशिक्षण एवं रोजगार, अविनाश कृष्ण सिंह (आईएएस) महानिदेशक तकनीकी शिक्षा विभाग और आईएएस डॉ. हरिओम शामिल हुए। कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल और तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष सिंह पटेल ने सरकार की कई योजनाओं और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे इन योजनाओं से राज्य के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकते हैं। संगोष्ठी में दो पैनल चर्चा आयोजित की गईं। पहली चर्चा का विषय श्कौशल अंतर को पाटनारू उद्योग-शिक्षा सहयोग था। इसमें सरकारी और उद्योग विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। दूसरी चर्चा शिक्षा को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप बनानाश् पर केंद्रित थी। इसमें कार्य-आधारित शिक्षा और कौशल विकास पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का समापन मेधा के उपाध्यक्ष सौरभ राय के समापन भाषण और नेटवर्किंग हाई-टी के साथ हुआ।

# अयोध्या में सरयू नदी पर शीघ्र शुरू होगी फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सुविधा : जयवीर

**▸ राम नगरी में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ईको पर्यटन बोर्ड ने लिया निर्णय**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



राम नगरी अयोध्या में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए यूपी ईको टूरिज्म डेबलपमेंट बोर्ड ने सरयू नदी पर एक अनोखा फ्लोटिंग रेस्टोरेंट 3.59 करोड़ रूपये की लागत से तैयार करा रहा है। यह रेस्टोरेंट आधुनिक सुख सुविधाओं से लैस होगा। इसकी लम्बाई 12 मीटर तथा चौड़ाई 06 मीटर होगी।

रेस्टोरेंट में विभिन्न प्रकार के स्थानीय व्यंजन उपलब्ध होंगे। पर्यटक श्रद्धालु इसका आनंद उठा सकते हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद श्रद्धालुओ की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल जनवरी से सितम्बर तक 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या में दर्शनार्थ पधारे। राज्य सरकार का प्रयास है कि श्रद्धालु दर्शन पूजन के साथ ईको पर्यटन, वाटर स्पोर्ट, रूरल पर्यटन का भी आनंद लें। श्रद्धालुओं की मनपसंद सुख सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि संगम नगरी प्रयागराज में पिछले साल से फ्लोटिंग रेस्टोरंट की सुविधा शुरू की गयी है। जो श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के मध्य काफी लोकप्रिय हो रहा है। पर्यटक सरयू नदी पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। रेस्टोरेंट को पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन किया गया है और ध्यान रखा गया है कि नदी के प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखा जाए और नदी प्रदूषित न हो। परियोजना से न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अयोध्या में यह फ्लोटिंग रेस्टोरेंट एक बड़ा आकर्षण का केन्द्र बनने की संभावना है। यह परियोजना जल्द ही पूरी होने की उम्मीद है, जिसके बाद अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक इसे एक यादगार अनुभव के रूप में देखेंगे।

### पर्यटन मंत्री आज करेंगे गोरखपुर महोत्सव का शुभारम्भ

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 10 जनवरी को गोरखपुर के भ्रमण पर रहेगे। पर्यटन मंत्री प्रात: 07 :30 बजे से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस गोरखपुर पहुचेंगे। इसके उपरान्त अपराह्न 01 बजे चम्पा देवी पार्क रामगढ़ ताल गोरखपुर में आयोजित गोरखपुर महोत्सव-2025 का मुख्य अतिथि के रूप में शुभारम्भ करेगे इस अवसर पर मण्डलायुक्त गोरखपुर अनिल ढींगरा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहेगे।

# बाल साहित्य सम्मानों की घोषणा

**▸ डॉ. करुणा पांडे को मिलेगा सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य और डॉ. आरपी सारस्वत को सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा संचालित बाल साहित्य संवर्द्धन योजना के अन्तर्गत बाल साहित्य सम्मानों हेतु गठित समिति की बैठक आज हिन्दी संस्थान लखनऊ में सम्पन्न हुई। इस बैठक में वर्ष 2023 के बाल साहित्य सम्मानों पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से विचार कर निर्णय लिया गया। प्रत्येक सम्मान की धनराशि 51,000 रूपये है। सम्मानित बाल साहित्यकारों को पुरस्कार धनराशि, अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जायेगा।हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ अमिता दुबे ने बताया कि सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान लखनऊ की डॉ करुणा पांडे को तथा सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान सहारनपुर के डॉ आरपी सारस्वत, अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मान, डॉ मोहम्मद अरशद खान, शाहजहाँपुर शिक्षार्थी बाल चित्रकला सम्मान दिलीप शर्मा, अलीगढ़ को लल्ली प्रसाद पाण्डेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान नरेन्द्र निर्मल, गौतमबुद्धनगर को रामकुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान बलराम अग्रवाल गौतमबुद्धनगर को, कृष्ण विनायक फड़के बाल साहित्य समीक्षा सम्मान, देवी प्रसाद गौड़, मथुरा को जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मान डॉ दीपक कोहली, लखनऊ को और उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान अनिल कुमार 'निलय', प्रतापगढ़ को दिया जाएगा।

# एनडीए के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में भारतीय संयुक्त पार्टी का विलय

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

भारतीय संयुक्त पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशी सिंह और संस्थापक डॉ.सिद्धनाथ गुप्ता ने गुरूवार को एनडीए के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का दामन थाम लिया। साथ ही भारतीय संयुक्त पार्टी के विलय की घोषणा कर दी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अरविंद राजभर ने भारतीय संयुक्त पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संस्थापक को पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में सम्मिलित कराया। भारतीय संयुक्त पार्टी के संस्थापक डॉ.सिद्धनाथ गुप्ता ने विलय से पूर्व कहा कि यह दिलों का मेल है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर दिलों पर राज



करते है। उनकी पार्टी के अलावा राजनीतिक दलों जैसे सपा, बसपा और कांग्रेस के नेताओं को भी उन्होंने ओमप्रकाश राजभर के साथ खड़ा कर दिया है। विलय के बाद समाज के कमजोर वर्गों के अधिकार को लेकर सकारात्मक बदलाव देखने में आयेगा। इस अवसर पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की उपस्थित के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये दूसरे राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी लो, सात फ्लाइट्स लेट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

खराब मौसम का असर लखनऊ एयरपोर्ट आने-जाने वाली फ्लाइट्स पर पड़ रहा है। गुरुवार को मस्कट से तड़के 3.15 बजे लखनऊ आने वाला सलाम एयर का विमान (ओवी 705) करीब 35 मिनट देरी से पहुंचा। वहीं लखनऊ से किशनगढ़ जाने वाली फ्लाइट निर्धारित समय से करीब 7 घंटे देरी से उड़ान भरने की संभावना है।

एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि इसकी वजह से लखनऊ से वापस मस्कट जाने वाला सलाम एयर का विमान (ओवी 706) तड़के 4 बजे के बजाय 50 मिनट देरी से रवाना हुआ। वहीं लखनऊ से मुंबई जाने



वाला इंडिगो का विमान (6ई 2238) सुबह 8 बजे के बजाय 40 मिनट देरी से उड़ान भर सका। उन्होंने बताया कि लखनऊ से सुबह 8.40 बजे हैदराबाद जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान (आईएक्स 2816) करीब 20 मिनट देरी से रवाना हुआ। लखनऊ से सुबह 10 बजे रियाद जाने वाला फ्लाइनॉस का विमान (क्यूवाई 334) करीब 25 मिनट देरी से रवाना होने की संभावना है। जबकि लखनऊ से 10.45 बजे बेंगलुरु जाने वाली अकासा एयर की उड़ान (क्यूपी 1401) करीब 1 घंटा 45 मिनट देरी से उड़ान भरने की संभावना है। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि लखनऊ से दोपहर 11.50 बजे दुबई जाने वाला फ्लाई दुबई का विमान (434) करीब 25 मिनट देरी से उड़ान भरने की संभावना है। वहीं लखनऊ से दोपहर 2.20 बजे किशनगढ़ जाने वाला स्टार एयर का विमान (5223) करीब 7 घंटा देरी से उड़ान भरने की उम्मीद है।

# इस्कॉन ने लॉन्च किया 'ट्रांसेंड 2.0' ऐप

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि के साथ किया एकीकृत**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



वैष्णव ग्रंथों के विश्व के सबसे बड़े प्रकाशक तथा इस्कॉन की साहित्यिक शाखा, भक्तिवेदान्त बुक ट्रस्ट (बीबीटी) ने अपने पथ प्रदर्शक ई-लाइब्रेरी ऐप का एक परिष्कृत संस्करण 'ट्रांसेंड 2.0' लॉन्च किया है। यह नया संस्करण ट्रांसेंड एआई टूल के माध्यम से एक विकसित एआई-संचालित आध्यात्मिक मार्गदर्शन की प्रस्तुति करता है, जो श्रील प्रभुपाद की शिक्षाओं पर आधारित सटीक उत्तर देता है। डिजिटल युग में आध्यात्मिक ज्ञान लाने के उद्देश्य से विकसित किया गया 'ट्रांसेंड 2.0' विश्व मे शुद्ध आध्यात्मिक साहित्य की बढ़ती मांग और प्राचीन भारतीय ज्ञान में बढ़ती रुचि को संबोधित करता है। उच्च श्रेणी के पुनर्प्राप्ति-संवर्धित पीढ़ी (आरएजी) ढांचे द्वारा संचालित, ट्रांसेंड एआई श्रील प्रभुपाद के ग्रंथों को इस्कॉन के ग्रंथालय से विशेष रूप से तैयार प्रासंगिक प्रतिक्रियाएं प्रदान करता है। 'ट्रांसेंड 2.0' सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को प्रामाणिक और शास्त्रों पर आधारित मार्गदर्शन प्राप्त हो, जो पारंपरिक एआई मॉडल के विपरीत सामान्य इंटरनेट डेटा पर भरोसा करते हैं। 8000 घंटों से अधिक ऑडियो विषय वस्तु और 11 भाषाओं में 600 नि:शुल्क ई-बुक्स के साथ, 'ट्रांसेंड 2.0' अपनी उपलब्धता बढ़ाता है और वैष्णव शिक्षाओं के साथ सहज, व्यक्तिगत अंत:क्रिया प्रदान करता है। यह नया ऐप डिजिटल रूप से संचालित और जिज्ञासु पीढ़ी के साथ श्रील प्रभुपाद की कालातीत शिक्षाओं को साझा करने की एक नई प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के अध्यक्ष ने गरीब असहाय लोगों को बांटे कम्बल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मलिहाबाद माल रोड स्थित सियाराम नर्सरी कार्यालय राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन पर यूनियन के अध्यक्ष व भाजपा लखनऊ के पूर्व जिलाध्यक्ष राम निवास यादव ने सैकड़ों गरीबो व असहाय लोगों को कम्बल वितरित किए इस मौके पर यूनियन के जिला अध्यक्ष लव कुश यादव व संतोष सिंह तिलन, गुलजारी लाल ब्लाक अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष राजेश रावत जिला उपाध्यक्ष भाईया लाल यादव सियाराम वरिष्ठ नेता राम आसरे लोधी लाल बहादुर यादव विपिन यादव




मानसिंह लोधी बाराती लाल रहीस गाजी भगत सिंह नागेंद्र यादव अरुण यादव अनिल यादव शैलेश साहू मानीष यादव जय सिह सहित कई दर्जन कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया इस मौके पर यूनियन के दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे और क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कमिश्नर ने चौराहों का निरीक्षण किया, ग्रीनरी बढ़ाने के आदेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ कमिश्नर ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गुरुवार को प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया। इनमें डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम चौराहा, अटल चौराहा (जानकीपुरम), इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा और अटल चौक (हजरतगंज) शामिल हैं।

कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा कराए जा रहे चौराहों के सुधार कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चौराहों पर अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने कहा आयरलैंड (चौराहे के बीच का हिस्सा) में ग्रीनरी बढ़ाई जाए। इसके अलावा, उन्होंने अवैध होर्डिंग्स और एलईडी तुरंत हटाने के आदेश दिए। कमिश्नर ने बताया कि डालीगंज, आईटी, लोकबंधु, हेनीमैन, समता मूलक और 1090 चौराहों के सुधार के लिए टेंडर जारी हो चुका है। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने अधिकारियों को इन चौराहों पर सिविल कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

**गो सेवा** | **ठंड से मौत रोकने के लिए गो आश्रय स्थलों में विशेष इंतजाम कर रही योगी सरकार**

# गो आश्रय स्थलों पर होंगे सरकार की ओर से विशेष बंदोबस्त

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

**▸ प्रदेश के 7,696 गो आश्रय स्थलों पर 12,35,700 निराश्रित गोवंश किए गए हैं संरक्षित**

प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने गोवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि किसी भी गोवंश की ठंड के कारण मृत्यु न हो। इसके मद्देनजर प्रदेश भर के गो आश्रय स्थलों पर त्रिपाल, अलाव, चारा, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।

योगी सरकार ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे नियमित रूप से गो आश्रय स्थलों का दौरा करें और वहां गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा, औषधि एवं देखभाल सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि हर गो आश्रय स्थल पर कार्यरत केयरटेकर रात में वहीं रुकें और गोवंश की देखभाल के लिए आवश्यक कार्य सुचारू रूप से करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी गो आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण



करें और यह सुनिश्चित करें कि चारा, भूसा, पानी, प्रकाश आदि की कोई कमी न हो। इसके अलावा, गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया गया है ताकि निराश्रित गोवंश को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। सरकार ने ग्राम्य विकास विभाग और अन्य सहयोगी विभागों को निर्देश दिया है कि वे समन्वय बनाकर गो संरक्षण के कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करें। चारागाह भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने और मनरेगा के माध्यम से बहुवर्षीय और सीजनल चारे की बुआई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है।

योगी सरकार ने सभी अवस्थापना संबंधी कार्यों को 25 फरवरी तक पूरा करने का निर्देश दिया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कार्यदायी संस्थाएं मानक और लेआउट के अनुसार उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य करें। गौवंश शेड, पानी पीने की सुविधाएं, चारे का स्थान और खडंजा जैसी संरचनाओं को मजबूती और व्यवस्थित तरीके से तैयार किया जाए। योगी सरकार ने निर्देश दिया है कि जिन गौ आश्रय स्थलों में किसी प्रकार की अव्यवस्था या गौवंश की देखभाल से संबंधित शिकायतें प्राप्त होती हैं, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 7,696 गो आश्रय स्थलों पर 12,35,700 निराश्रित गौवंश का संरक्षण किया जा रहा है। सरकार की मंशा इन आश्रय स्थलों की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि ठंड से बचाव के लिए त्रिपाल, अलाव और अन्य आवश्यक उपायों को प्राथमिकता दी जाए। सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि सभी स्तरों पर इस कार्य को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए ताकि गौवंश संरक्षण के प्रयास प्रभावी और परिणामदायक हों।

# गाजीपुर थाने की बड़ी लापरवाही आई सामने

**▸ मालखाने में जमा मोबाइल से करती रही इन्कार**
**▸ कोर्ट ने लिया संज्ञान तो फूले हाथ पैर**

**समृद्धि न्यूज लखनऊ।**

गाजीपुर थाने की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक प्रकरण में गिरफ्तार व्यक्ति के थाने के मालखाने में जमा 2 कीमती मोबाइल को हड़पने की नियत से न सिर्फ पीड़ित को गुमराह किया गया अपितु कोर्ट को भी खूब घुमाया। कोर्ट की फटकार पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए और आनन फानन में मालकाना इंचार्ज को निलंबित कर दिया। इसका खुलासा पीड़ित के वकील मोहित यायालय द्वारा दायर पेपर से हुआ है,जिसमें में




विवेचक भी खेल खेलते हुए कोर्ट को भी गुमराह करता रहा। जानकारी मिली है कि 114/ 2022 के एक मुकदमे में जामातलाशी में जब्त किए गए दो कीमती मोबाइल थाने जमा किए गए थे। जो मालखाने से गायब होने के मामले ने तूल पकड़ लिया। न्यायालय में विवेचक द्वारा बार बार गलत जानकारी देने के बाद जब अधिवक्ता मोहित शर्मा ने विरोध किया तो जांच के दौरान मालखाने की लापरवाही उजागर हुई। कमिश्नरेट पुलिस अधिकारी ने पुलिस की छवि बचाने के लिए कृत कार्रवाई करते हुए मालखाना इंचार्ज को निलंबित कर दिया। वहीं थाना प्रभारी और विवेचक को सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। अब सवाल यह है कि पुलिस जब कोर्ट को गुमराह करेगी तो पीड़ितों को न्याय की आस कहां से रहेगी।

# बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

## ये संगठित गिरोह है जो गोण्डा, बस्ती व अन्य जनपदों में मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं को देते है अंजाम

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाल सन्तोष मिश्रा और एस ओ जी टीम के प्रभारी संजय कुमार गुप्ता सर्विलांस टीम के प्रभारी अनुज त्रिपाठी को बड़ी सफलता मिली। मोटर साइकिल चोर गिरोह को पर्दाफास करते हुए उन के पास से चोरी की 15 मोटर साइकिल भी बरामद किया है।

मोटर साइकिल शातिर चोर राजा सोनी पुत्र महादेव सोनी न निवासी मथुरा बाजार थाना ललिया जनपद बलरामपुर,दुर्गेश मिश्रा पुत्र जगदीश मिश्रा निवासी सिंह पुर थाना कटराबाजार अभिषेक तिवारी पुत्र ननकन तिवारी निवासी दलपतपुर थाना मोतीगंज को जेल रोड से गिरफ्तार कर उनके कब्जे व




निशानदेही से चोरी की 15 मोटरसाईकिलों को बरामद किया गया नगर कोतवाली व एसओजी की संयुक्त टीम वाहन चोरी पर नियंत्रण एवं चोरी गयी मोटर साई किलों की बरामदगी व चोरो की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि सूचना प्राप्त हुई कि वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य चोरी की मोटरसाईकिलों के साथ कटहाघाट रोड की तरफ से जेल रोड होते हुए अम्बेडकर चौराहा की तरफ आ रहे है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर व एस.ओ.जी. सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा जेलरोड पावर हाउस के पास बैरिकेडिंग कर वाहन चोरों राजा सोनी पुत्र महादेव सोनी. अभिषेक तिवारी पुत्र ननकन तिवारी, अभिषेक तिवारी पुत्र ननकन तिवारी को गिरफ्तार किया गया। तीन चोरी की मोटरसाईकिलों को बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों की निशानदेही से लखनऊ गोण्डा मार्ग के बगल बहद ग्राम माधवपुर चकत्ता खण्डहर मकान से 12 चोरी की अन्य मोटरसाईकिलों को बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगणों से कड़ाई से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि इन लोगो का एक संगठित गिरोह है जो आर्थिक लाभ कमाने हेतु जनपद गोण्डा, बस्ती व अन्य जनपदों में मोटरसाईकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते है। इन अभियुक्तगणों 6 जनवरी को आशीर्वाद हॉस्पिटल गोण्डा से एच.एफ. डिलक्स मोटरसाईकिल, 10 अक्टूबर .2024 को महिला जिला अस्पताल गोण्डा से सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाईकिलल 20. मार्च 2021 को बभनान रेलवे स्टेशन के पास से सुपर स्पेलेण्डर मोटरसाईकिल चोरी की थी तथा अन्य मोटरसाईकिलों को अन्य-अन्य जनपदों से चोरी की गयी थी। चोरी की मोटरसाईकिलों को इकठ्ठा कर डीसीएम/मिनी ट्रक में लाद कर नेपाल में बेच देते है। तीनो को जेल भेज दिया गया।

# गुमशुदा स्मार्टफोन पाकर पीड़ितों के खिले चेहरे

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जयसवाल द्वारा गुमशुदा मोबाइल के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण/मोबाइल बरामदगी हेतु जनपदीय पुलिस/सर्विलांस सेल को निर्देशित किया गया था तथा खोये हुए मोबाइलों की शीघ्र बरामदगी कर उनके मालिको को सुपुर्द करने हेतु निर्देश दिए गए थे। जिसके अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस/सर्विलांस सेल द्वारा खोये हुए प्रत्येक मोबाइल की लगातार ट्रैकिंग कर 176 मोबाइल विभिन्न जनपद/राज्यों से बरामद किया। जनपदीय पुलिस/सर्विलांस सेल खोये हुए इन मोबाइलों की बरामदगी के लिए किये गए प्रयासों के फलस्वरूप कुल-176 खोये हुए विभिन्न कम्पनियों जैसे- वीवों, रेडमी, ओप्पो, सैमसंग ,रियलमी आदि मोबाइल बरामद करने पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने पुलिस कार्यालय में मोबाइल स्वामियों को बुलाकर सुपुर्द किया गया। बरामद किए गए समस्त मोबाइलों की अनुमानित मूल्य 26 लाख रू0 है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी द्वारा उपस्थित सभी मोबाइल स्वामियों को साइबर क्राइम से बचने हेतु टिप्स एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। खोये हुए 176 स्मार्ट फोन बरामद (कीमत लगभग 26 लाख रूपये बतायी जा रही है।

# आईजीआरएस रैंकिंग में तरबगंज तहसील रही प्रथम

**जनशिकायतों का गुणवत्ता के साथ ससमय निस्तारण है प्राथमिकता: डीएम**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

दिसंबर 2024 की आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रेवांस रीड्रेसल सिस्टम) रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले की दो तहसीलों – तरबगंज और गोण्डा – ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर नई मिसाल कायम की है। इन तहसीलों ने आईजीआरएस पर प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी तरीके से निस्तारण कर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। तरबगंज तहसील के एसडीएम विशाल कुमार और गोण्डा तहसील के एसडीएम अवनीश त्रिपाठी की कुशल योजना और प्रशासनिक कौशल इस सफलता के मुख्य कारक बने। उनके नेतृत्व में आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। अधिकारियों ने शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए उनके समाधान की निगरानी की और परिणामस्वरूप, दोनों तहसीलों ने यह उपलब्धि दर्ज की।

**डीएम के प्रयासों को मिली मजबूती**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की ओर से लगातार जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया जा रहा है। उनकी निगरानी और दिशा–निर्देशों के तहत प्रशासन ने शिकायतों के समाधान को अपनी प्राथमिकता बनाया। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि अगस्त 2024 माह में जिलाधिकारी नेहा शर्मा के नेतृत्व में जनपद गोण्डा ने राजस्व वादों के निस्तारण में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। तरबगंज और गोण्डा तहसील की इस सफलता ने जिलाधिकारी के प्रयासों को भी मजबूती दी है। हालांकि, जिले की अन्य तहसीलों का प्रदर्शन अपेक्षानुसार नहीं रहा। मनकापुर और करनैलगंज तहसील की रैंकिंग नीचे रही है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण प्रक्रिया में तुरंत सुधार लाया जाए।

**जिले का समग्र प्रदर्शन**

हालांकि तरबगंज और गोण्डा तहसील ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, लेकिन गोण्डा जिला समग्र रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर 22वें स्थान पर रहा। जिले में 92.31 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया गया है। जिलाधिकारी ने इसे संतोषजनक मानते हुए अन्य तहसीलों के प्रदर्शन को सुधारने की आवश्यकता पर बल दिया। तरबगंज और गोण्डा तहसील का प्रदर्शन न केवल जिले की अन्य तहसीलों के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण भी है कि समर्पण और सटीक क्रियान्वयन से सरकारी प्रणाली को प्रभावी बनाया जा सकता है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि जनशिकायतों का निस्तारण न केवल तेजी से हो, बल्कि गुणवत्ता को भी प्राथमिकता दी जाए।

# सचिव व अधिकारियों की अनदेखी से गौशाला में मर रहे हैं गौवंश



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में लगातार जिलाधिकारी का निर्देश है कि ठंड को देखते हुए गौशालाओं में पशुओं को लेकर हर तरह की सुविधा हो कोई भी गौवंश ठंड या भूख आदि से न मरे।हाल ही में एक विडियो वायरल हो रहा है पंडरी कृपाल ब्लाक के अन्तर्गत खरहाटिया ग्राम पंचायत में बने गौशाला का जहां मृत गौवंश को कुत्तों द्वारा नोचा जा रहा है। मृत शवों की सुचारू रूप से निस्तारण की व्यवस्था नहीं है।लोगों में चर्चा है कि डीएम के निर्देश की सचिव और जिम्मेदार ऐसी अन्देखी कर रहे हैं कि गौशाला में ठंड से बचाव की उचित व्यवस्था नहीं है न ही खाने को हरा चारा है।इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान ने बताया कि सचिव के द्वारा सारी लापरवाही बरती जा रही है सचिव न खर्चा और नहीं देखरेख कर रहे हैं। प्रधान द्वारा खण्ड विकास अधिकारी से शिकायत भी की लेकिन मामला जस का तस है।अब देखना है कि खबर के बाद क्या कार्यवाही होगी या मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# विशेश्वरगंज पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़ ।**पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के लिए वांछित व वारण्टियों की गिरफ्तारी के के लिए दिये गये आदेश निर्देश के क्रम में न्यायालय से जारी वारण्ट के तामिला के लिए उप निरीक्षक गुलाब सिंह मय पुलिस टीम द्वारा को 2 नफर वारण्टी बिहारी लाल पुत्र मंगरे निवासी राजपुर गिरान्ट ,व नादिर अली निवासी ग्राम हरदाही को उनके घर से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय प्रेषित किया गया।

# पुलिस व नगर पालिका टीम ने हटवाया अतिक्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



शहर में गुरुवार को नगर पालिका परिषद बहराइच और पुलिस की अगुवाई में अतिक्रमण हटवाया गया। अतिक्रमण पर जमकर बुलडोजर गरजा। शहर के अस्पताल चौराहा से डिगिहा तिराहे तक प्रतिदिन जाम लगती है।

इससे शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसको देखते हुए नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने नगर पालिका की टीम को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि गुरुवार को नगर के कर्मचारी पुलिस टीम के साथ अस्पताल चौराहा पहुंचे। टीम के कर्मचारियों ने अस्पताल चौराहा से लेकर डिगिहा मोहल्ले तक अतिक्रमण हटवाया। सड़क की दोनों पटरियों पर हुए अतिक्रमण को बुलडोजर से गिरा दिया गया। इसके बाद अतिक्रमण के सामान को ट्रैक्टर ट्राली और अन्य वाहन से नगर पालिका परिषद लाया गया। अतिक्रमण अभियान को लेकर लोगों में हड़कंप की स्थिति रही। मालूम हो कि इस अतिक्रमण अभियान में रेहड़ी पटरी वाले सैकड़ों दुकान प्रभावित हुई हैं।

# तीन इंस्पेक्टर, दो एसआई व सात कांस्टेबल के कार्यक्षेत्र बदले

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने गुरुवार को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया। इसमें तीन निरीक्षक,दो उपनिरीक्षक और सात आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया। नई तैनाती के आदेश तुरंत प्रभाव से लागू किए गए। एसपी ने निरीक्षक संतोष कुमार सिंह को प्रभारी साइबर थाना से हटाकर प्रभारी सर्विलांस बनाया है। निरीक्षक पंकज कुमार सिंह को साइबर सेल प्रभारी से साइबर क्राइम थाना का प्रभार सौंपा गया, जबकि ब्रह्मा गौड़ को स्वाट टीम का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उपनिरीक्षक आनन्द चौरसिया को थाना राम गांव से स्वाट टीम में स्थानांतरित किया गया है। उपनिरीक्षक दीपक सिंह को थाना विशेश्वरगंज से हटाकर स्वाट टीम में शामिल किया गया। आरक्षी नाथ शुक्ला, अनुराग शर्मा, शैलेंद्र सोलंकी,निरूपम दूबे और नियाज अहमद को स्वाट टीम अपराध शाखा में तैनात किया गया है। वहीं आरक्षी नितिन अवस्थी को लाइन से सर्विलांस सेल और अनिल यादव को सर्विलांस से क्राइम थाना भेजा गया है। कानून व्यवस्था में सुधार के लिए तबादला पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने कहा कि जनहित और कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए समय-समय पर पुलिस महकमे में तबादले किए जाते हैं।यह फेरबदल भी उसी का हिस्सा है नए तैनाती आदेश से ज़िले की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है।

# अवैध खनन की शिकायत पर हुई छापेमारी, आरोपी फरार



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

**सोशल मीडिया पर मिली सूचना के आधार पर की गई त्वरित कार्रवाई**

सोशल मीडिया के जरिए प्राप्त सूचना पर गोंडा जिले के धानेपुर क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की गई। बुधवार देर रात कालीकुंड के पास स्थित स्टेट बैंक के सामने अवैध खनन की जानकारी प्रशासन को मिली। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर तहसीलदार सदर देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और छापेमारी की।

तहसीलदार सदर श्री देवेन्द्र यादव ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों की टीम ने मिलकर मौके पर स्थलीय जांच की। जांच के दौरान यह पाया गया कि ग्राम धानेपुर की गाटा संख्या 1280 पर बिना सक्षम स्तर की अनुमति के अवैध खनन किया जा रहा था। इस दौरान स्थल से 84 घन मीटर मिट्टी का खनन किया गया था। हालांकि, अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही आरोपित खननकर्ता अपने उपकरणों सहित फरार हो गए। प्रशासन की टीम अब उन आरोपियों को पकड़ने के लिए जुटी हुई है। छापेमारी के बाद अधिकारियों ने इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट तैयार की और इसे अग्रिम कार्रवाई के लिए अपर जिलाधिकारी को भेज दिया।

प्रशासन ने अवैध खनन को लेकर कड़ी चेतावनी दी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की बात कही। प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया है।



# छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज रमपुरवा में गुरूवार को एक युद्ध नशे के विरूद्ध व पोस्टर लेखन और वाद विवाद, सड़क सुरक्षा हेतु स्लोगन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डा. अमित कुमार पांडेय ने छात्र-छात्राओं को बताया कि सरकार के दिशा निर्देशों अनुसार एक युद्ध नशे के विरूद्ध का आयोजन किया गया है। प्रधानाचार्य ने कहा कि मनुष्य नशा की लत से बर्बाद हो जाता है। धूम्रपान शरीर के लिए हानिकर है। तंबाकू चबाने से मुंह व फेफड़े का कैंसर हो जाता है। महिलाओं को जब धूम्रपान की लत पड़ जाती है तो जन्म के समय शिशुओं का वजन कम हो जाता है। उन्होंने शिक्षकों समेत छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर शिक्षक डा. मुन्ना कुमार आर्य, डॉ कमल किशोर शुक्ल, डा. अश्विनी कुमार सिंह, अनिल कुमार, शिवम शुक्ल, विनय कुमार, अम्बरीश शुक्ल, अजय सिंह, प्रवीन कुमार सिंह, सिद्धनाथ शर्मा, प्रियरंजन कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद कुमार मिश्र, शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, रफी अहमद, दीपशिखा अवस्थी,मानषी दीक्षित समेत सभी कर्मचारी मौजूद रहें।

# उप्र लो.नि.वि. मिनिस्ट्रीरियल एसो.का चुनाव हुआ संपन्न

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** जनपद में उप्र लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीरियल एसो. जनपद शाखा गोण्डा का दिवार्षिक चुनाव में प्रान्तीय संरक्षक सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव एवं प्रान्तीय अध्यक्ष पदमनाभ त्रिवेदी, प्रान्तीय महामन्त्री जेपी पाण्डेय, क्षेत्रीय अध्यक्ष देवीपाटन मण्डल गोण्डा लक्ष्मण किशोर मेहरोत्रा की उपस्थिति एवं देखरेख में जनपद कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न कराया गया। चुनाव अधिकारी राजन कुमार सैनी जिलाध्यक्ष बहराइच एवं अलखराम जिला मंत्री बहराइच के द्वारा चुनाव प्रक्रिया सदभावपूर्ण एवं शान्तिमय सम्पन्न हुआ। जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किये गये। जेपी श्रीवास्तव जनपद अध्यक्ष,आशीष कुमार मिश्रा जिला मंत्री,रोहित कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप यादव उपाध्यक्ष,संजय यादव संयुक्त मंत्री,विजय कुमार दूबे,संगठन मंत्री (पु0),श्रीमती प्रतिभा किरन संगठन मंत्री (मई),संदीप कुमार गिरि प्रचार मंत्री, आलोक कुमार सिंह हकदार, राधेश्याम यादव,सम्प्रेक्षक निर्विरोध चुने गये।

# सड़क हादसों में लैब टेक्नीशियन समेत चार की मौत, किशोर घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे हो गए। जिसमें लैब टेक्नीशियन समेत चार लोगों की मौत हो गई। कैसरगंज में हादसे में दम तोड़ने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल किशोर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।हरदी थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी बाइक सवार देवेश चंद्र शुक्ला 32 हरदी थाना के चंदपहिया गांव के पास बुधवार शाम को घायल अवस्था में पड़े मिले। राहगीरों ने एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया जहां उनकी मौत हो गई। मृतक के भतीजे आदर्श ने बताया कि लखनऊ स्थित बलरामपुर अस्पताल में संविदा पर लैब टेक्नीशियन के पद पर तैनात थे और चार दिन पहले घर आए थे। हरदी थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया चदपहिया मोड़ के पास बाइक सवार सड़क किनारे लगे ईट के चट्टे से टकरा गए और



**जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुआ हादसा**

उनकी मौत हो गई।वहीं कैसरगंज कोतवाली के लखनऊ बहराइच हाईवे के बढौली गांव के पास बुधवार की रात 35 वर्षीय अज्ञात पैदल युवक को वाहन ने रौंद दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मृतक के चेहरे पर गंभीर चोटे आई हैं जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है। हुलिया के आधार पर शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किया जा रहे हैं। पयागपुर थाना क्षेत्र के गोण्डा बहराइच मार्ग स्थित सुकईपुरवा चौराहे के पास बुधवार दोपहर कोतवाली देहात के चिलौरा कुसौर निवासी शेषराज(32) पुत्र जगराम यादव की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंच कर घायल को सीएचसी उपचार हेतु भेजा गया।

जहां युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक के शव का पंचायतनामा कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।उधर हुजूरपुर थाना क्षेत्र के जगतापुर गांव निवासी अमरेश (25) गांव निवासी कपिल के साथ बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। बाइक सवार रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चैतूपुरवा के पास पहुंचे। मंगलवार रात नौ बजे बाइक से मवेशी टकरा गया। जिससे दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया। डॉक्टर ने अमरेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि कपिल का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि मवेशी से बाइक के टकराने पर हादसा हुआ है।

# मनरेगा कार्य का वीडीओ व सचिवों ने किया बहिष्कार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के विकास खंड नवाबगंज में तैनात ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार को निलम्बित करने के साथ ही उनके विरुद्ध थाने में केस दर्ज कराया गया है। इसको लेकर अन्य ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारियों में नाराजगी है। सभी ने मनरेगा कार्य न करवाने की बात कही है।

बहिष्कार कार्य 13 जनवरी तक चलेगा।विकास खंड नवाबगंज में बुधवार को विकास खंड के ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम पंचायत अधिकारियों की बैठक की। जिसमें विकास खंड के सभी ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारी शामिल हुए। सभी ने ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार के विरुद्ध भ्रष्टाचार के



मामले में हुई कार्यवाई पर नाराजगी जताई। सभी का कहना है कि दोषी मिलने पर निलम्बित करना ठीक है। लेकिन जिस मामले में केस दर्ज कराया गया है। उसमें ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी और तकनीकी सहायक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पत्र दिया गया है। ब्लॉक के अधिकारियों को छोड़ दिया गया है। जबकि वर्तमान समय में मनरेगा योजना के अंतर्गत भुगतान के लिए पत्रावली अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, लेखाकार, लेखा सहायक एवं कार्यक्रम अधिकारी से सत्यापन के बाद ही बिल कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा एफटीओ में डीएसी के द्वारा भुगतान किया जाता है। इसके बाद भी किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो सचिव, ग्राम प्रधान और तकनीकी अधिकारी को ही दंडित किया जाता है। यह पूरी तरह से गलत है। ऐसे में सभी ने कार्यवाई के विरोध में 13 जनवरी तक मनरेगा के कार्य का पूरी तरह से बहिष्कार कर दिया है। इसका ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी आनंद विक्रम, तौसीफ अहमद, शिवा जी पोरवाल, अमरनाथ भास्कर, महेश पाठक, जगजीवन राम, ध्यानश्याम शर्मा, मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

## तहसीलदार ने अवैध खनन को डीएम के आदेश पर रूकवाया

**धानेपुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मिली जानकारी के अनुसार कालीकुंड धानेपुर के पास रात मे जेसीबी से खनन का काम हो रहा था। बुधवार की रात डी एम के एक्स अकाउंट पर किसी ने शिकायत किया था जिलाधिकारी के आदेश पर सदर तहसीलदार गोण्डा ने राजस्व टीम के साथ आकर अवैध खनन को रोकवा दिया। विधिक कार्यवाही की जा रही है अवैध खनन करने वालों मे खलबली मची है।

# अब बिना हेलमेट बाइक सवारों को नहीं मिलेगा पेट्रोल : आयुक्त

**मण्डल में नो हेलमेट नो फ्यूल रणनीति होगी लागू**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए देवीपाटन मण्डल में नो हेलमेट, नो फ्यूल की पहल शुरू की जाएगी। इसके तहत मंडल में हेलमेट न पहनने वाले दो पहिया वाहनों को पेट्रोल टंकी पर पेट्रोल नहीं मिलेगा।

इस सम्बन्ध में मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील ने गोंडा बलरामपुर बहराइच श्रावस्ती जिलों के डीएम, आरटीओ प्रवर्तन और डीएसओ को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को पूरी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए हेलमेट न होने की वजह से सड़क दुर्घटना में कई बाइक स्वरों की जान तक चली जाती है। हेलमेट लगा होने से दुर्घटना में बाइक सवार यात्रियों की जान का खतरा काफी कम हो जाता है इसीलिए इस अभियान को चलाया गया है अब लोग घर से हेलमेट लगाकर ही सड़क पर निकलेंगे यदि वह हेलमेट बिना लगाएं यात्रा करते हैं तो उन्हें पेट्रोल पंप से पेट्रोल नहीं मिलेगा।

**ब्लैक स्पॉट पर दिया जाये विशेष ध्यान-** मण्डलायुक्त ने समस्त जिलों के सम्बन्धित अधिकारियों का निर्देश दिये है कि दुर्घटना प्रबल क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर उनके सुधार हेतु तुरंत कदम उठाए जाए। बेहतर साइन बोर्ड, सड़क प्रकाश व्यवस्था और यातायात पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाये। सभी जिलों में सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक कर इस रणनीतिक कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की जाए जरूरत के अनुसार रणनीतियों में सुधार व संशोधन किया जाए

**नोएडा मॉडल से प्रभावित है यह पहल**

1 जून 2019 से नोएडा में यह रणनीति लागू की गई थी जिसके तहत पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट पहना दो पहिया चालको और उनके सह यात्रियों के ईंधन देना प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस पहल से सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी देखी गई इससे प्रभावित होकर ही अब यह पहल प्रदेश के सभी जिलों में लागू की जाएगी।

**हेलमेट पहनने का है कानूनी प्रावधान**

मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा–129 के तहत प्रत्येक व्यक्ति जो मोटरसाइकिल स्कूटर या मोपेड चलता है या सवारी करता है उसको मानक हेलमेट पहनना अनिवार्य है। यह नियम 4 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों पर भी लागू होता है। इस नियम में केवल सिख धर्म के अनुयायियों को जो पगड़ी पहनते हैं छूट दी गई है। इस नियम के उल्लंघन की स्थिति में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 177 के तहत दंड व जुर्माने का प्रावधान है।

**इस पहल को बनाया जाए एक जन आंदोलन: आयुक्त**

मंडलायुक्त ने कहा कि एनजीओ, स्वयंसेवी संगठन और मीडिया के सहयोग से सड़क सुरक्षा को एक जन आंदोलन के रूप में प्रचारित किया जाए। क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों को इस अभियान में शामिल किया जाए। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग हेलमेट न पहनने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत नियमानुसार जुर्माना लगाए। पेट्रोल पंप मालिकों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें इस रणनीति के महत्व और क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित किया जाए। सीसीटीवी निगरानी और ईंधन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम इस रणनीति को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शहरी क्षेत्र में लागू किया जाए जहां दो पहिया वाहनों की संख्या व दुर्घटना की संभावना अधिक है। इस पहल के प्रभाव का मूल्यांकन करने के बाद इसे ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तारित किया जाए।

# बिना ग्रामीणों के बयान दर्ज किए वापस लौटे अधिकारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के ग्राम पंचायत पटना में विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों ने डीएम से की थी। गुरुवार को जांच के लिए टीम गांव पहुंची। लेकिन टीम के अधिकारियों ने बिना किसी का बयान दर्ज किए ही जांच पूरी कर ली।

विशेश्वरगंज ब्लॉक के ग्राम पटना में विकास कार्यों में अनियमितताओं पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र भेजा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान ने सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। शिकायतकर्ताओं में देवी प्रसाद त्रिपाठी, गोकर्णनाथ, रविंद्र नाथ, दीनानाथ, संदीप कुमार मिश्रा, शिव प्रकाश, राम आशीष, और



रामकुमार शामिल हैं। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। जिस पर बुधवार को जांच के लिए ब्लॉक स्तर पर गठित टीम के जेई मोनू सोनी और एडीओ पंचायत नरेश श्रीवास्तव शामिल थे, ग्राम सभा पटना पहुंची। लेकिन ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा जरूरी अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने के कारण जांच पूरी नहीं हो सकी।टीम को बिना जांच किए लौटना पड़ा, जबकि प्रधान को एक हफ्ते पहले ही सूचित किया गया था। इस संबंध में एडीओ पंचायत नरेश श्रीवास्तव से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। क्या इस लापरवाही के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी ग्रामीणों की आवाज क्या प्रशासन तक पहुंचेगी।

# एसडीएम सदर ने रैन बसेरा व अलाव की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



### एसडीएम ने रैन बसेरो में उत्तम रखने के लिए दिए निर्देश

**बछरावां, रायबरेली।** आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले भव्य एवं दिव्य महाकुंभ को लेकर स्थानीय शासन एवं प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। इसी कड़ी में कुंभ मेले की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए बीते बुधवार की देर रात लगभग 11:30 के आसपास उपजिला अधिकारी महाराजगंज सचिन यादव ने बछरावां थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी एवं नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत बने अस्थाई रैन बसेरो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरों के अंदर ठहरे लोगों से बातचीत कर उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या नाद्य हो, इसकी भी जानकारी प्राप्त की और नगर पंचायत के कर्मचारियों को रैन बसेरो के पास अलाव के साथ-साथ प्रकाश व अन्य व्यवस्थाओं को उत्तम रखने के लिए निर्देशित भी किया।

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में ज्वाइन मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा द्वारा तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी के साथ शीत लहर व ठंड को देखते हुए मध्य रात्रि में अस्पताल चौराहा पर रैन बसेरा एवं अलाव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया इसके पश्चात पैदल भ्रमण कर ओवर ब्रिज सिविल लाइन व ओवर ब्रिज इंदिरा नगर का निरीक्षण कर देखा गया कि कोई भी व्यक्ति ठंड में खुले में तो नहीं सो रहा है लेकिन निरीक्षण के दौरान कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं मिला। उप जिलाधिकारी द्वारा तहसील के समस्त आरआई/लेखपाल को निर्देशित किया गया कि शीत लहर के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि में भ्रमणशील रहकर सभी निर्धारित बिंदु पर अलाव जलवाने की व्यवस्था के साथ यह भी सुनिश्चित कराये कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोये, यदि कहीं कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है तो उसे पास के रैन बसेरे में शिफ्ट कराए।

## एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** एटीएम कार्ड बदलकर धोखा धड़ी करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिसके पास से नगदी समेत एक फोन बरामद किया। बताते चले कि सलोंन कोतवाली क्षेत्र के दरसवां गांव निवासी नंदलाल दो महीने पहले सूची कस्बा स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम से पैसा निकालना आया था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने नंदलाल को धक्का देकर एटीएम कार्ड गिरा दिया था। जिसके बाद धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 40000 निकाल कर फरार हो गया था। पीड़ित ने सलोन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस अभियुक्त की तलाश कर रही थी। सूची चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार, उप निरीक्षक मनोज यादव, हेड कांस्टेबल दुन्नी लाल निगम व विश्वजीत सिंह ने थाना क्षेत्र के लहुरेपुर मोड़ से अभियुक्त शहजाद खान उर्फ सैय्यद पुत्र कमालुद्दीन निवासी तिलोरी थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को 1050 रुपये व एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सीडीओ ने विराट किसान मेले का किया शुभारम्भ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण योजनान्तर्गत एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेले का आयोजन आईटीआई मैदान के द्वितीय दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय के कर कमलों द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया। विनोद कुमार उप कृषि निदेशक द्वारा मेले में आये हुए कृषकों का स्वागत करते हुए विभाग में चल रही समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें मुख्य रूप किसानों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु किसानों को जन सुविधा केंद्रों पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु प्रेरित किया और पीएम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प का लाभ प्राप्त करने हुए किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई।




मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्टालों का अवलोकन किया गया और अपने संबोधन में किसानों को बताया कि किसान भाई इस मेले में लगी प्रदर्शनी एवं वैज्ञानिकों द्वारा दिये गये अनुभवो को अपने खेती में उपयोग कर अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 5 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा दो किसान को कस्टम हायरिंग सेन्टर एवं एक एफपीओ को फार्म मशीनरी बैंक की चाबी सौंपी गई। कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी द्वारा किसानों को भूमि में जीवांश कार्बन की कमी को दूर करने हेतु किसानों से आह्वान किया गया वे गोबर की खाद एवं हरी का खाद का प्रयोग करके उक्त कमी को दूर कर अच्छी पैदावार प्राप्त की जा सकती है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग का मिला शव



**सलोन, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग का शव मिलने हडकंप मच गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन शव को कब्जे में लेकर अंत्य परिक्षण के लिए भेज दिया ।जबकि परिजन हत्या का आरोप लगा रहे थे ।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के राजा का पुरवा मजरे रसूलपुर गांव का हैं। जहां नहर किनारे झोपड़ी के अन्दर बुजुर्ग दुखीराम उम्र करीब 80 वर्ष का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला। बताते हैं कि बुजुर्ग नहर के किनारे झोपड़ी में दुकान खोलकर जीविका चलाते थे ।सुबह ग्रामीण जब नहर की तरफ निकले तो देखा झोपड़ी के अंदर तख्त के नीचे शव पड़ा था। देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर पहुंचने लगी। घटना की जानकारी परिजनों को होने पर घटनास्थल पर पहुंचे और रोना पीटना मच गया। मृतक बुजुर्ग का बेटा हरिलाल ने बताया की हत्या की गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल कर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया।

### संतोष सिंह चौहान ने बांटें हनुमान मंदिर पर 21 किलो लड्डू



**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** हनुमान मंदिर पर बांटे गए 21 किलो लड्डू महराजगंज खबर प्रेस क्लब अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान द्वारा अशर्फाबाद गांव में हनुमान मंदिर पर 21 किलो लड्डू बांटे गए जिसमें बच्चे बूढ़े तथा जवान मौजूद रहे ।संतोष सिंह चौहान ने बताया कि आने वाली 21 जनवरी को विगत वर्षों की भांति किस वर्ष भी हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारा एवं रामचरितमानस के पाठ का आयोजन होना है उसके पूर्व में आज 21 किलो लड्डू बांटे गए संतोष सिंह चौहान ने बताया यह मंदिर ग्रामीणों के बीच आस्था का मुख्य केंद्र है और ग्रामीण आकर यहां पर पूजा अर्चना करते हैं और सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगते हैं।

### महाकुंभ में सुरक्षा की दृष्टिगत जगह-जगह बनाए जा रहे बंकर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** कुछ अराजक तत्वों द्वारा महाकुंभ के दौरान दी गई धमकियों के बाद श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार द्वारा बंकरों का निर्माण कराया जा रहा है। मौजूदा समय में बछरावां थाना अंतर्गत मुख्य चौराहे तथा चुरुवा बॉर्डर पर एक-एक बंकर का निर्माण कराया जा रहा है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार किसी भी आतंकवादी गतिविधि अथवा अराजकतावादी गतिविधि को रोकने के लिए इन बंकरों में दो सिपाही तैनात किए जाएंगे जो चौंकन्नी नजरों से आने वाले श्रद्धालुओं के बीच में छिपे अराजक तत्वों की पहचान करेंगे और उनसे हर तरह से निपटने में सक्षम होंगे। योगी सरकार के इस कार्य से श्रद्धालुओं में मौजूदा शासन व प्रशासन के प्रति सुरक्षा की भावना लगातार जागृत हो रही है।

### भारतीय किसान यूनियन ने खंड विकास अधिकारी रेहरा को सौपा मांग पत्र




**रेहरा बाजार/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड रेहराबाजार में ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यशाला /गोष्ठी में भारतीय किसान यूनियन (भारत किसान का संगठन) के ब्लॉक अध्यक्ष गुरु प्रसाद वर्मा के अध्यक्षता में वीडियो रेहरा बाजार रजनीश कुमार शुक्ला को मांग पत्र सौंपा और समाधान की मांग की। गुरु प्रसाद वर्मा ने बताया कि मांग पत्र में विकासखंड अंतर्गत बिशनपुर खरहना में 2 वर्ष पूर्व से सफाई कर्मी का अभाव है। कई बार एडीओ पंचायत को अवगत कराया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ और आए दिन सड़क दुर्घटना को देखते हुए सड़क नियमावली अनुसार थोड़ी-थोड़ी दूरी पर रेडियम पट्टी लगाया जाए ।ग्राम पंचायत बूधीपुर में कुछ मजरो में अभी भी शौचालय का निर्माण नहीं करवाया गया है ।इन बिंदुओं पर मांग किया गया है। इस अवसर पर गुरु प्रसाद वर्मा, राम उग्रह वर्मा, शेष राम, राज बहादुर शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# राणा बेनी माधव बक्श समिति ने मिलाए कुंभ से स्वर, किया संत समागम

- राना बेनी माधव बक्श समिति की तरफ से जिले के प्रसिद्ध संतों का किया गया सम्मान
- सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः की हम भारतीयों की रही है परम्पराः स्वामी योतिर्मयानंद सरस्वती




**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

धार्मिक नगरी प्रयागराज में होने वाले जा रहे महाकुंभ में सहभागिता दिखाते हुए राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति की तरफ से बुधवार को संत समागम एवं कुंभ के स्वर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के होटल प्लीसेंट व्यू में आयोजित कार्यक्रम में जिले के संतों का सम्मान और उनका आशीर्वाद समिति की तरफ से प्राप्त किया गया। इसके साथ ही कुंभ के स्वर कार्यक्रम में भजन संध्या में डॉ सोमा घोष ने कुंभ पर अनेक गीत गाए। संतों के समागम में कुंभ पर विस्तृत रूप से बखान किया गया।

सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ के महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानन्द गिरि ने कहा कि आज धार्मिक कार्य करने के लिए समिति बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि कुंभ का जो स्वरूप है, हमारे जीवन में विभिन्न चीजों को जागृत करता है। देवता को मिलाने का काम कुंभ ने किया है। हम लोग रायबरेली में बैठकर महाकुंभ पर चर्चा कर रहे हैं। यह बहुत ही गौरव का विश्व है। हमने अपने अंदर से भी कुंभ मनाना है। शहर के छोटी बाजार स्थित दैवी सम्पद मण्डल आश्रम के स्वामी ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती ने कहा कि सदा बोध सनातना यह सदा से ही रहा है और यह किसी भी व्यक्ति विशेष द्वारा चलाया नहीं गया है। यह मानव मात्र नहीं बल्कि प्राणी का कल्याण करने हेतु है। उन्होंने कहा कि अब हम वैचारिक रूप से संक्रिण होते चले आ रहे हैं। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः'के अनुसार ही हम लोग कार्य करते रहे हैं और यही हमें विश्व में सबसे अलग बनाती है। परमात्म बोध आश्रम के महराज दण्डी स्वामी ने कहा कि कुंभ का सौभाग्य सिर्फ हमारे देश को मिल रहा है। दुनिया में हम लोग सबसे अनोखे हैं कि हमने इस धरा पर जन्म लिया है। महाकुंभ के विशेष मौके पर स्मारक समिति ने कार्यक्रम को आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है, वह वास्वत में बहुत ही प्रेरणादायक है। यह हर 12 वर्ष में आयोजित होता है और हम अपनी जिंदगी में सुधार करना है। राणा बेनी माधव स्मारक समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा लेते हुए इस कुंभ में भागीदारी जताते हुए संतों का समागम करने का निर्णय लिया गया। आज अपने आशीष के लिए इन संतों की उपस्थिति से अध्यात्मिक और धार्मिक का तेज प्राप्त हो रहा है।

## आइटीबीपी द्वारा आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

46वीं वाहिनी आइटीबीपी डलमऊ द्वारा आयोजित 6 दिवसीय समवाय हैंड बल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 1 जनवरी से 7 जनवरी के मध्य चले इस प्रतियोगिता में आइटीबीपी द्वारा चलाई जा रही मुहिम एक घंटा मिट्टी के साथ के तहत 6 दिवसीय समवाय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें 46 वीं वाहिनी की ए,बी, सी,डी,ई,एफ आदि टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं समापन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला, एफ समवाय एवं सी समवाय के मध्य खेला गया रोमांचक मुकाबले में सी समवाय की टीम विजेता रही एवं एफ समवाय उप विजेता रही समापन समारोह के अवसर पर 46वीं वाहिनी के सेनानी द्वारा सभी टीमों के अनुशासन, जोश तथा उत्साह के साथ प्रदर्शन करने के लिए सराहना की गई तथा चयनित खिलाडियों को आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में टीम भावना एवं एकाग्रता के साथ श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया इस मौके पर अभय चन्द, सेनानी 46 वीं वाहिनी के द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया तथा श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया गया।

## हृदय सेवा संस्थान के तत्वावधान में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित




**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

हृदय सेवा संस्थान लखनऊ के तत्वाधान में संगठन की अध्यक्षा ममता दीक्षित के नेतृत्व में विकासखंड बछरावां की ग्राम सभा शेखपुर समोधा एवं ग्राम सभा राजामऊ में कंबल वितरण का आयोजन किया गया। इस कंबल वितरण के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उन्नाव जनपद के विकासखंड हिलौली के ब्लॉक प्रमुख दिलीप दीक्षित ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतीत के रूप में संगठन के संरक्षक रवि शर्मा की उपस्थिति गरिमामयी रही। कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश, राम प्रताप, सुसीला, ममता, रामकुमारी, शिवदुलारी, राजाराम, भुइया दीन सहित सैकड़ो जरूरतमंदों, असहायो एवं दिव्यांग जनों को कंबल वितरित किए गए।

# वैष्णो माता के 40 दर्शनार्थियों का जत्था रवाना

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



विकास क्षेत्र की ग्राम सभा राघवपुर के सुंदरकांड समिति के अध्यक्ष अतुल कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में वैष्णो माता दर्शन करने के लिए 40 भक्तों का जत्था गुरुवार को रवाना हुआ। मिली जानकारी के अनुसार राघवपुर सुंदरकांड समिति अध्यक्ष के नेतृत्व में राघवपुर व आसपास के क्षेत्र के रहने वाले भक्तों को माता वैष्णो देवी दर्शन के लिए हरदोई चौराहे पर समाज सेवी मेडिकल स्टोर संचालक रजत चौधरी ने स्वागत सम्मान व सूक्ष्म जलपान कराकर कटरा जम्मू माता के धाम के लिए रवाना किया। इस मौके पर समाजसेवी रजत चौधरी ने कहा कि माता रानी के दर्शन बड़े ही सौभाग्य से लोगों को प्राप्त होता है यह बहुत ही पुण्य का कार्य है। माता रानी की आप सभी भक्तों पर कृपा बनी रहे आप सभी की यात्रा मंगलमय हो।वही सुंदरकांड समिति अध्यक्ष अतुल द्विवेदी ने बताया कि माता वैष्णो धाम की यह पंचवर्षीय यात्रा है जो माता के आशीर्वाद से निरंतर हो रही है। साथ ही सुंदरकांड समिति वैष्णो माता दर्शन के लिए आसपास के लोगों को प्रेरित करती और जाने से लेकर वापसी तक किसी को कोई असुविधा न हो इस बात का ध्यान रखती है, और दर्शनार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। अभी तक चार वर्षों में लगभग 200 भक्त माता रानी के दर्शन सुंदरकाण्ड समिति के शारीरिक सहयोग से कर चुके है। यात्रा में सम्मिलित होने वालों में अतुल कुमार द्विवेदी, सुशील शुक्ला, अनुज अवस्थी, मंडिया मिश्रा, अमन द्विवेदी, प्रसून शुक्ला, अर्पित बाजपेई, अशोक, राहुल, सुधीर, मोनू, रजनीश जमुना, अशोक सहित काफी संख्या में माता के भक्त रहे।

# बिजलीकर्मियों पर हमला के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के कपौवा शेरपुर गांव में बिजली बकायेदारों से राजस्व वसूली और विद्युत चेकिंग के दौरान बिजली विभाग के कर्मियों के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। घटना के दौरान एसडीओ रमेश मौर्य, जेई विजय रंजन यादव, लाइनमैन रामजी वर्मा और अन्य कर्मचारियों पर हमला किया गया। इस हमले में लाइनमैन रामजी वर्मा घायल हो गए।

लाइनमैन रामजी वर्मा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वे एसडीओ रमेश मौर्य, जेई विजय रंजन यादव और अन्य कर्मचारियों के साथ कपौवा शेरपुर गांव में बिजली बकाया वसूलने गए थे। इसी दौरान अब्दुल हमीद, उनके पुत्र सलमान और अन्य ने कर्मचारियों के साथ मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए सरकारी काम में बाधा डाली। आरोप है कि अब्दुल हमीद का बिजली विभाग पर एक लाख रुपए से अधिक का बकाया है। शिकायत में यह भी बताया गया कि अब्दुल हमीद का बिजली कनेक्शन पहले भी कई बार काटा गया था, लेकिन वह बार-बार इसे जोड़ लेता था। चेकिंग के दौरान उसका कनेक्शन दोबारा जुड़ा पाया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, कर्मचारियों से मारपीट की, और जान से मारने की धमकी दी। श्रीदत्तगंज पुलिस ने अब्दुल हमीद, उनके पुत्र सलमान और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसडीओ रमेश मौर्य और जेई विजय रंजन यादव ने इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल सरकारी कामकाज में बाधा डालती हैं, बल्कि कर्मचारियों को असुरक्षित भी महसूस कराती हैं। विद्युत कर्मियों का कहना है कि ऐसे दबंगों के चलते सरकार की एकमुश्त समाधान योजना और राजस्व वसूली प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विद्युत कर्मियों ने सरकार और प्रशासन से यह मांग की है कि कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान की जाए और कार्यस्थलों पर उनके साथ किसी भी प्रकार की हिंसा और अभद्रता रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इससे राजस्व वसूली और विद्युत आपूर्ति का कार्य निर्भीकता से किया जा सकेगा। इस घटना ने सरकारी योजनाओं और विभागीय कार्यप्रणाली को बाधित करने के साथ-साथ कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। मामले की जांच जारी है और पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति/जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न



**बलरामपुर।** जिला पर्यावरण समिति/ जिला गंगा समिति की बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान वृक्षारोपण अभियान को लेकर तैयारियों के संबंध में डीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाते हुए पौधारोपण का स्थान का चिन्हांकन का कार्य पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया। सॉलिड / लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में अधिशासी अधिकारियों को एमआरएफ सेंटर शीघ्र संचालित किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने जनपद में वेटलैंड के चिन्हांकन एवं जीर्णोद्धार हेतु सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम वेटलैंड समिति का गठन किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, डीएफओ एम सेम्मारन, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ठंड में दिल की बीमारियों का बढ़ता खतरा

- विशेषज्ञों की चेतावनी और बचाव के उपाय

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

ठंड का मौसम दिल की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ठंड में हार्ट अटैक के मामलों में वृद्धि हो रही है, खासकर उन लोगों में जो पहले से हृदय रोग से ग्रस्त हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उतरौला के अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि ठंड के मौसम में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ता है, जो दिल पर दबाव डालकर हार्ट अटैक का खतरा बढ़ाता है।

डॉ. सिंह ने बताया कि यह समस्या अब सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित नहीं है, बल्कि युवा वर्ग भी इसकी चपेट में आ रहा है। उन्होंने कहा कि अनियमित खानपान, तनाव, धूम्रपान, और जिम में गलत तरीके से एक्सरसाइज करने जैसे कारण युवा वर्ग में हार्ट अटैक की समस्या को बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा, बॉडी बनाने के लिए सप्लीमेंट्स का अत्यधिक सेवन और गतिहीन जीवनशैली भी दिल की बीमारियों का मुख्य कारण बन रहे हैं।

**डॉ. सिंह ने ठंड के मौसम में दिल की बीमारियों से बचने के लिए निम्नलिखित सुझाव दिए हैं-**

1. **संतुलित आहारः** ताजे फल, सब्जियां, और फाइबर युक्त भोजन का सेवन करें। तले-भुने और वसा युक्त खाद्य पदार्थों से बचें।



2. **नियमित व्यायामः** प्रतिदिन 5 किलोमीटर पैदल चलें या योग और प्राणायाम करें।
3. **तनाव प्रबंधनः** मानसिक तनाव को कम करने के लिए ध्यान और मेडिटेशन का सहारा लें।
4. **नियमित स्वास्थ्य जांचः** ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर की नियमित जांच करवाएं।
5. **नशे से परहेजः** धूम्रपान और शराब से दूरी बनाएं।
6. **ठंड से बचावः** गर्म कपड़े पहनें और खुद को ठंड से बचाएं।

डॉ. सिंह ने बताया कि युवा वर्ग में अनियमित जीवनशैली, जंक फूड का अत्यधिक सेवन और जिम में अत्यधिक व गलत व्यायाम के कारण दिल की बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे संतुलित जीवनशैली अपनाएं और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ठंड में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्तचाप बढ़ने की संभावना होती है। बुजुर्गों को अपनी दवाइयां नियमित रूप से लेने और डॉक्टर की सलाह पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी गई है। डॉ. सिंह ने बताया कि ठंड में हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए जनसाधारण को जागरूक करना आवश्यक है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और समय पर स्वास्थ्य जांच करवाकर इस समस्या से बचा जा सकता है। ठंड के मौसम में दिल की सेहत को नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित व्यायाम करें और ठंड से बचाव के लिए उचित कदम उठाएं। इससे न केवल हार्ट अटैक के खतरे को टाला जा सकता है, बल्कि स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

# लहलहा रही खेती-किसानी, किसान खुश

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

किसान शब्द सुनते ही जेहन में फावड़ा,खुरपा लिए माथे पर गमछा बांधे खेतो में जोताई बोवाई करते ब्यक्त की छवि उभर आती हैं। वहीं सूरज की तपिश तो कभी पाला व बारिश की मार सहने वाले अन्नदाता अब योजनाओं की छाँव पाकर निहाल हो रहे हैं ।आधुनिक खेती से न सिर्फ किसानों की जीवनशैली बदल रही हैं। बल्कि प्रगतिशील कृषक रोजगार के अवसर भी उत्पन्न कर रहे हैं। मशरूम, फलों, फूलों व सह फसली खेती से किसानो की आय बढ़ी है।अनुदान पर कृषि यंत्रो के साथ सोलर पम्प दिये जा रहे हैं । साथ ही सरकार की तरफ से निधि देकर उनका सम्मान बढ़ाया जा रहा है । विकास खंड



रेहराबज़ार में करीब किसान हैं। इसमें से 35000 किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि के लिए पंजीकृत हैं। इसमें से 32037 कनिकराम वर्मा, राम दास, रमेश, विन्देशरी व हरिशंकर व मनोज कुमार लोगो को सम्मान निधि मिल रही हैं। छह हजार किसानो को योजना का लाभ शीघ्र ही मिलने लगेगा। इन किसानो के अभिलेखो की कमियों को दूर करने का दावा विभाग कर रहा है। कृषि विभाग से संचालित योजनाओं का लाभ लेकर किसान खेती से आय बढ़ा रहे है।किसानो को गेंहू का बीज केंद्रो से अनुदान पर दिया गया है। किसानों ने इसका लाभ उठाया। इसके साथ ही पाँच किसानो और चार लोंगों सोलर पम्प योजना का लाभ मिला है और चार लोगो ने आवेदन किया है। सोलर पंप योजना का लाभ मिलने से किसानों को फसलों की सिंचाई में सुविधा मिली। उद्यान विभाग से कृषकों को प्याज, पालक, गोभी, मिर्च, पत्ता गोभी , टमाटर व शिमला मिर्च का बीज निशुल्क दिया गया है।सहायक विकास अधिकारी कृषि रणधीर सिंह ने कहाँ कि किसानों को अधिकृत लाभ देने का प्रयास है और जिन किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री नहीं करवाई है। वह अपनी फार्मर अनिवार्य रूप से करवा ले अन्यथा किसान सम्मान निध की अगली किस्त व अनुदान से लाभान्वित नही होगे।

समृद्धि न्यूज़ — राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — समृद्ध समाज का आधार



# जीएमपीवी वायरस का डर दिखाने से बाज आयें

चीन में फैल रही जीएमपीवी वायरस का भारत में तेजी से फैलने और खाद्य जरूरतों को जमा करने की सलाहियत देने वालों के साथ सरकार को सख्ती से निपटने की आवश्यकता है, जो कोविड की पुरानी तस्वीरों को दिखाकर आम जन में खौफ पैदा करना चाहते हैं। यद्यपि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे संज्ञान में लिया है और एचएमपीवी वायरस की अफवाहित खबरों को प्रसारित करने वालों पर सख्त से कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। पिछले दिनों कर्नाटक में इस वायरस के दो मामले की भारतीय अनुसंधान परिषद द्वारा पुष्टि हुई थी, जिसे सोशल मीडिया पर शरारती तत्वों ने आमजन में दहशत फैलाने की पूरी चेष्टा की। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 3 माह की एक बच्ची को ब्रोंकोनिमोनिया की शिकायत थी, जांच में एचएमपीवी संक्रमित होने का पता चला, वहीं दूसरा आठ माह का शिशु भी इसे संक्रमित पाया गया। हालांकि दोनों मरीजों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा से कोई सरोकार नहीं है। मंत्रालय ने कहा है कि वर्तमान जांचों से पता चला है कि गंभीर तीव्र स्वसन बीमारी के मामले में कोई असामान्य वृद्धि नहीं पाई गई और फिर भी सरकार संक्रमण के मामलों पर नजर रखे हुए है। कोविद-19 महामारी के विश्व को चपेट में लेने के 5 साल बाद इस एचएमपीवी वायरस के चीन में तेजी से फैलने की खबरों की दहशत के आधार पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि एचएनबी संक्रमण में मरीजों के संपर्क में आने से यह फैल रहा है और संक्रमित के खांसने, छींकने और हाथ मिलाने से यह बढ़ रहा है। हालांकि इस संक्रमण की खोज 2019 में ही की जा चुकी है जो रेस्पिरेटरी संकायटिल वायरस के साथ न्यूमोवायरीड का भी हिस्सा बताई जा रही है। जिसके चीन समेत नीदरलैंड, फिनलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में 2023 में संक्रमित मिल चुके हैं। फिलहाल भारत सरकार का कहना है कि मौसम को देखते हुए यह स्थिति असामान्य नहीं है। सरकार ने इस वाइरस की गंभीरता को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन से चीन की स्थिति के विषय में अपडेट देने को कहा है। विशेषज्ञ इसे जानलेवा वायरस नहीं बता रहे हैं ये छोटे-छोटे बच्चों में आम है। जिन बच्चों को अस्थमा है, या फेफड़ों से संबंधित कोई बीमारी है, उन्हें सलाह दी गई है कि इससे बचाव के लिए लगातार साबुन से हाथ-पैर धोते रहने, मास्क पहने और प्रतिरोधक क्षमता वाली खाद्य पदार्थों के सेवन करने और एंटी वायरल दवाएं लेने और चिकित्सीय सलाह लेने की हिदायत दी है। कोविड संक्रमण से खौफजदा लोगों में भय जरूर व्याप्त है, जिसे दूर करने की जिम्मेदारी चिकित्सकों सहित इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट और सोशल मीडिया को भी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी चाहिए और पुरानी यादों को ताजा करते हुए कोविड की तस्वीरों और वीडियोज को वायरल कर दशक फैलाने से बाज आना चाहिए।

# ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को मात दे पायेगा भारत?

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

मानव मेटान्यूमोवायरस एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए। पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियाँ सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढाँचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है।

वायरस का प्रभाव क्षेत्रों में बढ़ने के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। चीन में बढ़ी हुई निगरानी ने मानव मेटान्यूमोवायरस मामलों में वृद्धि का खुलासा किया है, विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में, जो पता लगाने की दरों में वृद्धि का संकेत देता है। हालाँकि पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस ने दुनिया भर में बढ़ते श्वसन संक्रमण के कारण ध्यान आकर्षित किया है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि मानव मेटान्यूमोवायरस वैश्विक स्तर पर अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों का 3त्न-10त्न हिस्सा है, जिसमें पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वायरस अक्सर फ्लू के मौसम में तेजी से फैलता है, जिससे श्वसन संक्रमण में वृद्धि होती है, जिससे यह मौसमी स्वास्थ्य खतरा बन जाता है। चीन में, फ्लू का मौसम मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के साथ मेल खाता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मीडिया कवरेज में वृद्धि होती है। वर्षों से प्रचलन में होने के बावजूद भारत सहित कई देशों में मानव मेटान्यूमोवायरस के लिए व्यापक और किफायती परीक्षण बुनियादी ढांचे का अभाव है। जबकि वैश्विक एजेंसियां मानव मेटान्यूमोवायरस की निगरानी करती हैं, फिर भी कई क्षेत्रों में इसका पता लगाने और रिपोर्ट करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे शुरुआती हस्तक्षेप प्रभावित होते हैं। वायरस पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों जैसे कुछ कमज़ोर समूहों को असमान रूप से प्रभावित करता है।

मानव मेटान्यूमोवायरस छोटे बच्चों, विशेष रूप से पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को असमान रूप से प्रभावित करता है, जिन्हें गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने का अधिक जोखिम होता है। बुजुर्ग, विशेष रूप से वे जिन्हें पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या है, मानव मेटान्यूमोवायरस संक्रमण से गंभीर परिणामों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। चीन में, बुजुर्गों में मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के कारण अस्पताल में भर्ती होने की संख्या बढ़ी है, जिससे वृद्ध आबादी की कमज़ोरी उजागर हुई है। कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को मानव मेटान्यूमोवायरस से गंभीर संक्रमण का अधिक जोखिम होता है, जिसके लिए गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है।




**मानव मेटान्यूमोवायरस छोटे बच्चों, विशेष रूप से पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को असमान रूप से प्रभावित करता है, जिन्हें गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने का अधिक जोखिम होता है। बुज़ुर्ग, विशेष रूप से वे जिन्हें पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या है, मानव मेटान्यूमोवायरस संक्रमण से गंभीर परिणामों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। चीन में, बुज़ुर्गों में मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के कारण अस्पताल में भर्ती होने की संख्या बढ़ी है, जिससे वृद्ध आबादी की कमज़ोरी उजागर हुई है। कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को मानव मेटान्यूमोवायरस से गंभीर संक्रमण का अधिक जोखिम होता है, जिसके लिए गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है।**

**एचएमपीवी के कारण होने वाली मौतें शिशुओं और प्रतिरक्षाविहीन लोगों सहित कमज़ोर समूहों में उल्लेखनीय रूप से अधिक हैं। पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए मृत्यु दर 1त्न है, जो विकसित और विकासशील दोनों देशों में उच्च जोखिम वाली आबादी पर वायरस के प्रभाव के बारे में चिंताएँ पैदा करती है। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, सीमित स्वास्थ्य सेवा पहुँच कमज़ोर आबादी के लिए गंभीर परिणामों के जोखिम को बढ़ाती है। इस तरह के वायरल प्रकोपों को प्रबंधित करने के लिए विनियामक ढाँचे और क्षमताओं को मज़बूत करने के उपाय डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करना है। भारत सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में एचएमपीवी जैसे वायरस के लिए परीक्षण सुविधाओं का विस्तार करके अपनी नैदानिक क्षमताओं को बढ़ा सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद व्यापक, किफ़ायती एचएमपीवी परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए निजी प्रयोगशालाओं के साथ सहयोग कर सकती है, जिससे शुरुआती पहचान और रोकथाम हो सके। भारत मानव मेटान्यूमोवायरस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान शुरू कर सकता है, रोकथाम के तरीकों और लक्षणों को पहचानने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है, खासकर कमजोर आबादी के बीच। कमजोर आबादी की सुरक्षा और एचएमपीवी प्रसार को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।**

एचएमपीवी के कारण होने वाली मौतें शिशुओं और प्रतिरक्षाविहीन लोगों सहित कमज़ोर समूहों में उल्लेखनीय रूप से अधिक हैं। पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए मृत्यु दर 1% है, जो विकसित और विकासशील दोनों देशों में उच्च जोखिम वाली आबादी पर वायरस के प्रभाव के बारे में चिंताएँ पैदा करती है। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, सीमित स्वास्थ्य सेवा पहुँच कमज़ोर आबादी के लिए गंभीर परिणामों के जोखिम को बढ़ाती है। इस तरह के वायरल प्रकोपों को प्रबंधित करने के लिए विनियामक ढाँचे और क्षमताओं को मज़बूत करने के उपाय डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करना है। भारत सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में एचएमपीवी जैसे वायरस के लिए परीक्षण सुविधाओं का विस्तार करके अपनी नैदानिक क्षमताओं को बढ़ा सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद व्यापक, किफ़ायती एचएमपीवी परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए निजी प्रयोगशालाओं के साथ सहयोग कर सकती है, जिससे शुरुआती पहचान और रोकथाम हो सके। भारत एक सुव्यवस्थित विनियामक मार्ग स्थापित करके नैदानिक परीक्षणों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया में तेज़ी ला सकता है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान परीक्षणों को तेज़ी से मंज़ूरी देता है। भारतीय औषधि महानियंत्रक अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने वाले डायग्नोस्टिक किट के लिए आपातकालीन स्वीकृति तंत्र लागू कर सकता है। वास्तविक समय में श्वसन संक्रमण की निगरानी, रुझानों और मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे उभरते खतरों पर नज़र रखने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय निगरानी प्रणाली विकसित की जा सकती है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सभी राज्यों में वास्तविक समय मानव मेटान्यूमोवायरस ट्रैकिंग को शामिल करने के लिए एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम का विस्तार कर सकता है। भारत मानव मेटान्यूमोवायरस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान शुरू कर सकता है, रोकथाम के तरीकों और लक्षणों को पहचानने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है, खासकर कमजोर आबादी के बीच। स्वास्थ्य मंत्रालय मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे श्वसन संक्रमण के लक्षणों को पहचानने के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना अभियान चलाने के लिए मीडिया और गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की जरूरत- भारत वायरल प्रकोपों के प्रबंधन के लिए सूचना और संसाधनों को साझा करने के लिए अपने वैश्विक सहयोग को बढ़ा सकता है, जिससे उभरते रोगजनकों के लिए समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। भारत को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पहलों के माध्यम से निगरानी, निदान और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करके मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे उभरते वायरल खतरों से निपटने के लिए अपने नियामक ढांचे को बढ़ाना चाहिए। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ-साथ वैक्सीन और एंटीवायरल अनुसंधान में निवेश से ऐसे प्रकोपों को कम करने में मदद मिलेगी। कमजोर आबादी की सुरक्षा और एचएमपीवी प्रसार को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# प्रजनन दर में गिरावट : भविष्य की नई वैश्विक चुनौती

*डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा*

दुनिया के देशों के सामने जनसंख्या नीति के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। दक्षिण कोरिया, चीन, फ्रांस, इटली, स्पेन, पुर्तगाल सहित दुनिया के अनेक देश घटती जन्म दर से दो-चार हो रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार दुनिया के 124 देशों में जनसंख्या दर में गिरावट दर्ज की जा रही है। खासतौर से विकसित देशों में जनसंख्या दर में तेजी से गिरावट आ रही है। विषेषज्ञों की मानें तो यही हालात रहे तो दक्षिण कोरिया और सर्बिया आदि के सामने तो 2100 तक अस्तित्व का संकट आ सकता है। 2100 तक दक्षिण कोरिया की आबादी 5.1 करोड़ से घटकर इसकी तिहाई रह जाएगी। खास बात यह कि बुजुर्गों की आबादी तो बढ़ेगी पर युवाओं की आबादी बहुत कम रह जाएगी। लैसेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2100 तक दुनिया के देशों में प्रजनन दर 1.6 रह जाएगी। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था, देशों के बीच परस्पर शक्ति संतुलन, खाद्य, पर्यावरण , स्वास्थ्य आदि प्रभावित होंगे। दरअसल 1950 में दुनिया के देशों में औसत प्रजनन दर 5 बच्चे थी जो 2021 आते आते 2.1 रह गई है। विषेषज्ञों की मानें तो यह प्रजनन दर 2050 तक घटकर 1.8 रह जाएगी और 2100 तक 1.6 रह जाएगी। इससे तेजी से आबादी तो नियंत्रित हो जाएगी पर इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि पश्चिमी व पूर्वी उप सहारा क्षेत्र अफ्रीका के देशों में प्रजनन दर में उतनी गिरावट नहीं होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानव जाति के लिए 2.1 प्रजनन दर होना जरूरी है। चीन, कोरिया सहित अनेक देशों में यह दर कम होती जा रही है। यही कारण है कि चीन सहित अनेक देशों ने अपनी जनसंख्या नीति में परिवर्तन किया है। अब चीन कोरिया सहित अनेक देश अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने लगे हैं। चीन में एक बच्चे की नीति के कारण जनसंख्या तो नियंत्रित हो गई पर उस के परिणाम खासतौर से युवा पीढ़ी के कम होने के कारण दो बच्चों और फिर उसमें भी सफलता नहीं मिलने पर तीन बच्चों की नीति लागू की गई है।



दरअसल, दुनिया के देशों में बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ती जा रही है, वहीं जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं उससे साफ हो जाता है कि कामकाजी युवाओं की संख्या कम से कम होती जाएगी। यह दुनिया के देशों के सामने बड़ा संकट दिखाई देने लगा है। यही कारण है कि चीन सहित विभिन्न देश अब आबादी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देने लगे हैं। एक या दो बच्चों की नीति को त्यागकर तीन बच्चों तक की नीति को अपनाने लगे हैं। दक्षिण कोरिया में माता-पिता को बच्चे के जन्म से लेकर सात वर्ष का होने तक विभिन्न प्रकार की प्रोत्साहन ओर सहायता योजना में 35 से 50 युआन तक दे रहे हैं। इसी तरह से यूरोप के कई देश अपने नागरिकों को प्रोत्साहित करने की कई कार्यक्रमों का संचालन कर प्रोत्साहित करने लगे हैं।

प्रजनन दर कम होने के पीछे जहां दुनिया के देशों की आबादी को नियंत्रित करने की नीति रही वहीं अब जनसख्या नियंत्रित होने के कई कारणों में से एक कारण आधुनिक जीवन शैली, रहन-सहन, मंहगाई, शिक्षा स्वास्थ्य व आवास जैसी समस्याएं आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही शैक्षिक स्तर बढ़ने और सोच में बदलाव भी बड़ा कारण है। देखा जाए तो अब भारत सहित दुनिया के देशों में बाल विवाह में कमी, आत्मनिर्भर होने पर विवाह बंधन में बंधने की प्रवृत्ति, महिलाओं में भी शादी के प्रति अनिच्छा या फिर अधिक उम्र में शादी, इसके मुख्य कारण हैं। एक सर्वे के अनुसार हालांकि यह अतिशयोक्तिपूर्ण हो सकता है कि आज की पढ़ी-लिखी महिलाएं शादी तो करना चाहती हैं पर बच्चे पैदा करने, उनके लालन-पालन और घर-गृहस्थी को बोझ मानने की मानसिकता भी एक कारण होती जा रही है। इस सबसे अलग दुनिया के किसी भी कोने को ले लें अब हालात यह हो गए हैं कि आधुनिकता और जीवन स्तर के चलते कॉस्ट ऑफ लिविंग यानी रहन-सहन का खर्च बढ़ गया है। एक बड़ा कारण यह है कि लोग परिवार को सीमित रखने व देरी से शादी लिविंग स्टैण्डर्ड के कारण प्रमुखता देने लगे हैं।

जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं उससे दुनिया के देश चिंतित हो गए हैं। एक बच्चे की नीति को तो करीब-करीब सभी देश त्यागने ही लगे हैं क्योंकि यह लगने लगा है कि अगला दशक कहीं बुजुर्गों का दशक ना हो जाए। सरकारों के सामने इससे गंभीर संकट के हालात इस मायने में हो जाएंगे कि उत्पादक जेनरेशन यानी युवा कम होते जाएंगे और बुजुर्ग अधिक हो जाएंगे। इससे सामाजिक ताने-बाने के साथ उत्पादकता सहित अनेक विषमताएं सामने आने लगेगी। आज क्रोसिया, ग्रीस, इटली, मालटा, पुर्तगाल, स्लोवानिया आदि दक्षिण यूरोप के देशों में 65 साल से अधिक की आबादी 21 प्रतिशत तक पहुंच गई है। जापान में 29 प्रतिशत तो मोनाको में 36 प्रतिशत आबादी 65 साल से अधिक के नागरिकों की हो गई है।

इसमें दो राय नहीं कि स्वास्थ्य बेहतरी के चलते औसत उम्र में बढ़ोतरी हुई है। यहां बुजुर्ग आबादी को लेकर कोई नकारात्मक सोच नहीं है पर जिस तरह से प्रजनन दर कम हो रही है और आने वाले समय में संकट दिखाई दे रहा है उसे लेकर चिंता है। इस चिंता को सरकारों, चिंतकों, मनोविज्ञानियों सहित समाज के सभी वर्गों को विचार करना होगा ताकि समय रहते संतुलन बनाए रखा जा सके।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य

## आँसूओं में न बहाया करो...!



**संजय एम. तराणेकर**

दिल के अरमा आँसूओं में न बहाया करो,
मेरे पास खुशियां है साथ ले जाया करो।
क्यों? हर बार आँसूओं को कष्ट देना हैं,
उन्हें सूखने की मोहलत तुमसे लेना है।
इतनी मजबूरियाँ साथ में न लाया करो,
मैं भी दुखी हूँ मेरे आँसू ले जाया करो।

दिल के अरमा आँसूओं में न बहाया करो,
मेरे पास खुशियां है साथ ले जाया करो।
कभी तो आनंद का उत्सव मनाया करो,
दु:खों की पोटली घर छोड़ आया करो।
एक-दूजे का खयाल रख पार पाना है,
न माने अपने,सुख से अलग हो जाना है।

दिल के अरमा आँसूओं में न बहाया करो,
मेरे पास खुशियां है साथ ले जाया करो।
क्या? होगा जो तुम मेरे साथ न होगी,
हमें तो हमेशा बनना था प्रेम का रोगी।
फक्त शरीर ही अपने साथ में ना होंगे,
ये हृदय तो साथ में धड़कते हुए मिलेंगे।



# राशिफल

**मेष:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**वृषभ:-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

**मिथुन:-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्क:-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंह:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्या:-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुला:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिक:-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनु:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकर:-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**कुंभ:-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें।

**मीन:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है हिन्दी


*योगेश कुमार गोयल*

आधुनिकता की ओर तेजी से अग्रसर कुछ भारतीय ही आज भले ही अंग्रेजी बोलने में अपनी आन, बान और शान समझते हों किन्तु सच यही है कि हिन्दी ऐसी भाषा है, जो प्रत्येक भारतवासी को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाती है। सही मायनों में विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं सरल भाषा है भारत की राजभाषा हिन्दी, जो न केवल भारत में बल्कि अब दुनिया के अनेक देशों में बोली जाती है। वैश्विक स्तर पर हिन्दी की बढ़ती ताकत का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष यही है कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं और दुनियाभर के सैंकड़ों विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है। दुनियाभर में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करने तथा हिन्दी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से 10 जनवरी को 'विश्व हिन्दी दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस वास्तव में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी की महानता के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है।

पहली बार नागपुर में 10 जनवरी 1975 को विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तत्पश्चात् भारत के बाहर मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, अमेरिका इत्यादि देशों में भी विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

विश्वभर की भाषाओं का इतिहास रखने वाली संस्था 'एथ्नोलॉग' के द्वारा जब हिन्दी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया जाता है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। अगर हिन्दी बोलने वाले लोगों की संख्या की बात की जाए तो विश्वभर में पचहतर करोड़ से भी ज्यादा लोग हिन्दी बोलते हैं। इंटरनेट पर भी हिन्दी का चलन दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल द्वारा कुछ वर्षों पूर्व तक जहां अंग्रेजी सामग्री को ही महत्व दिया जाता था, वहीं अब गूगल द्वारा भारत में हिन्दी तथा कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की सामग्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि देश में हिन्दी में इंटरनेट उपयोग करने वाले की संख्या अब अंग्रेजी में इसका उपयोग करने वालों से ज्यादा हो जाएगी।

कुछ वर्ष पूर्व डिजिटल माध्यम में हिन्दी समाचार पढ़ने वालों की संख्या करीब साढ़े पांच करोड़ थी, जो अब बढ़कर चौदह करोड़ से ज्यादा हो जाने का अनुमान है। इंटरनेट पर हिन्दी का जो दायरा कुछ समय पहले तक कुछ ब्लॉगों और हिन्दी की चंद वेबसाइटों तक ही सीमित था, अब हिन्दी अखबारों की वेबसाइटों ने करोड़ों नए हिन्दी पाठकों को अपने साथ जोड़कर हिन्दी को और समृद्ध तथा जन-जन की भाषा बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



तकनीकी रूप से हिन्दी को और ज्यादा उन्नत, समृद्ध तथा आसान बनाने के लिए अब कई सॉफ्टवेयर भी हिन्दी के लिए बन रहे हैं। यह हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी की ताकत ही कही जाएगी कि इसके इतने ज्यादा उपयोगकर्ताओं के कारण ही अब भारत में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हिन्दी का भी उपयोग करने लगी हैं। हिन्दी की बढ़ती ताकत को महसूस करते हुए भारत में ई-कॉमर्स साइटें भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए हिन्दी में ही अपनी 'एप' लेकर आ रही हैं। हिन्दी इस समय देश की सबसे तेजी से बढ़ती भाषा है। अगर 2011 की जनगणना के आंकड़े देखें तो 2001 से 2011 के बीच हिन्दी बोलने वालों की संख्या में हमारे देश में करीब 10 करोड़ लोगों की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2001 में जहां 41.03 फीसदी लोगों ने हिन्दी को अपनी मातृभाषा बताया था, वहीं 2011 में ऐसे लोगों की संख्या करीब 42 करोड़ के साथ 43.63 फीसदी दर्ज की गई और जिस प्रकार हिन्दी का चलन लगातार बढ़ रहा है, माना जाना चाहिए कि उसके बाद के करीब एक दशक में हिन्दी बोलने वालों की संख्या में कई करोड़ लोगों की बढ़ोतरी अवश्य हुई होगी।

भारत लंबे समय तक अंग्रेजों का गुलाम रहा और उस दौरान हमारे यहां की भाषाओं पर भी अंग्रेजी दासता का बुरा प्रभाव पड़ा। इसी कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को 'जनमानस की भाषा' बताते हुए वर्ष 1918 में आयोजित 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' में इसे भारत की राष्ट्रभाषा बनाने को कहा था। सही मायने में तभी से हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास शुरू हो गए थे और गर्व का विषय यह है कि अब सैंकड़ों देशों में हिन्दी का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है। अगर भारतीय परिवेश में हिन्दी के प्रचलन को लेकर बात की जाए तो यह चिंता की बात है कि भारतीय समाज में बहुत से लोगों की मानसिकता ऐसी हो गई है कि हिन्दी बोलने वालों को वे पिछड़ा और अंग्रेजी में अपनी बात कहने वालों को आधुनिक का दर्जा देते हैं। हिन्दी का करीब 1.2 लाख शब्दों का समृद्ध भाषा कोष होने के बावजूद अधिकांश लोग हिन्दी लिखते और बोलते समय अंग्रेजी भाषा के शब्दों का दिल खोलकर इस्तेमाल करते हैं।

ऐसे में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर लोगों को हिन्दी भाषा के विकास, हिन्दी के उपयोग के लाभ तथा उपयोग न करने पर हानि के बारे में समझाया जाना बेहद जरूरी है। लोगों को इस बात के लिए प्रेरित किया जाए कि हिन्दी उनकी राजभाषा है, जिसका सम्मान और प्रचार-प्रसार करना उनका कर्त्तव्य है और जब तक सभी लोग इसका उपयोग नहीं करेंगे, इस भाषा का विकास नहीं होगा। उन्हें यह अहसास कराए जाने का भी प्रयास किया जाना चाहिए कि भले ही दुनिया में अंग्रेजी भाषा का सिक्का चलता हो लेकिन हिन्दी अब अंग्रेजी भाषा से ज्यादा पीछे नहीं है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# राज्यमंत्री व अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष को किया सम्मानित

**रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



प्रेस क्लब रामसनेहीघाट द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं पूर्व सांसद विधायक तथा अनुसूचित जनजाति अयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत को सम्मानित किया गया।

समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए वयोवृद्ध वरिष्ठ पत्रकार प्रेम सिंह को राष्ट्र प्रहरी, राष्ट्र सेवा संकल्प के अध्यक्ष इंद्र प्रताप सिंह को एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को सम्मान देने के लिए प्रेरणा स्रोत, क्षेत्र के घटमापुर गांव निवासी दुष्यंत शुक्ला सिंहनादी को ओज कवि के रूप में सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में रामसनेहीघाट नगर पंचायत के अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश यादव को प्रथम अध्यक्ष, जबकि सुमेरगंज के ही निवासी डॉ आशुतोष गुप्ता को धर्म प्रचारक और विगत कई वर्षों से बंदरभोज और पूरे क्षेत्र में सुन्दरकाण्ड पाठ के लिए अंगवस्त्र और शील्ड प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान श्रखिला में उप जिलाधिकारी राम आसरे वर्मा के रामसनेहीघाट में निर्विवाद कार्यकाल के लिए कुशल प्रशासक, तहसील रामसनेहीघाट में प्रशिक्ष तहसीलदार काव्या सी (आईएएस) को प्रथम कार्यकाल के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवाकांत त्रिपाठी, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य जवाहर वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सलूजा, वरिष्ठ व्यवसायी विनोद अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार भोलेनाथ मिश्रा, समाजसेवी रत्नेश कुमार, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, सरदार निर्मल सिंह, आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता बीपी सिंह, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष राकेश सिंह मुन्ना, युवाओ के प्रेणना बने रूपेश प्रताप सिंह लकी,नगर पंचायत के ईओ धीरज सिंह को भी अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष व पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने कहा कि पत्रकार समय-समय पर अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का प्रयास करते हैं उनके द्वारा सम्मान के लिए चयनित लोगों का सौभाग्य है जिन लोगों की नजर समाज के हर छोर पर होती है, उनका चयन किया और अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया। समारोह को उप जिलाधिकारी राम आसरे वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब के सचिव राकेश कुमार श्रीवास्तव एवं अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष रामबाबू मिश्र ने किया, इस दौरान अतिथियों का स्वागत करने वालों में पत्रकार देव प्रकाश तिवारी शिव शंकर तिवारी प्रभात अवस्थी श्रीकांत तिवारी विनोद कुमार सिंह अंशु पुष्पेंद्र सिंह ,प्रभात अवस्थी,मुकेश कुमार राजेश श्रीवास्तव अजय तिवारी राम नारायण मिश्र राजेंद्र त्रिवेदी दिनेश तिवारी एवं कमलेश्वर तिवारी कुलदीप जायसवाल ,एम एल साहू भी शामिल रहे।

# गंजौन मुबाई ने स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



परिवार नियोजन की सेवाओं को और भी बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पापुलेशन फाउंडेशन आफ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है इसी क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में मुबाई ने परामर्श केंद्र पर दी जा रही परिवार नियोजन सेवाओं की जानकारी ली, परामर्शदाता नंदिता व सोनम ने बताया कि किस तरह से प्रसव के लिए आने वाली महिलाएं एवं ओपीडी में आ रहे योग्य दंपतियों को उम्मीद परामर्श केंद्र पर परामर्श दिया जा रहा है, इसी क्रम में अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला ने बताया कि केंद्र पर आने वाली समस्त दंपतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और परिवार नियोजन संबंधी परामर्श हेतु ओपीडी से किस तरह से रेफरल कूपन के माध्यम से परामर्श केंद्र पर उनको समस्त सेवाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके पश्चात खंड विकास अधिकारी कार्यालय में चल रही समस्त एएनएम की परिवार नियोजन एवं परामर्श पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का भी जायजा लिया व प्रतिभागियों से कुछ सवाल जवाब किए। इसके बाद टीम खंड विकास अधिकारी कार्यालय में संजीव कुमार गुप्ता ने बताया की उनकी अध्यक्षता में समिति का गठन किया जा चुका है उन्होंने बताया की विभिन्न विभाग किस प्रकार से परिवार नियोजन के कार्यों में सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सशक्त बना सकती है। इस दौरान मोबियस फाउंडेशन से प्रभात कुमार, पापुलेशन फाउंडेशन से श्रीमती शिल्पा नायर, गीता, जुबैर अंसारी, मनका सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय रावत , प्रशिक्षक रीता एवं समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र पर स्थित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष का समाजसेवी ने किया स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रहे स्वर्गीय उमाशंकर मिश्रा के सुपुत्र और रजत मिश्रा मोहित को भारतीय जनता पार्टी ने मंडल हैदरगढ़ का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

यह घोषणा पिछले माह हुए मंडल अध्यक्षों के चुनाव के परिणाम के तहत पार्टी द्वारा मंगलवार देर रात की गई। रजत मिश्रा मोहित को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसी क्रम में आज नगर पंचायत हैदरगढ़ में पोस्ट ऑफिस के निकट स्थित अवस्थी चिकित्सा केंद्र के संचालक ओम प्रकाश अवस्थी द्वारा रजत मिश्रा मोहित का माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बूथ अध्यक्ष पंडित सिद्धनाथ त्रिपाठी रामकुमार मिश्र पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश प्रताप प्रधान अलगू सिंह रत्नेश चंद्र शर्मा सोमनाथ तिवारी अरविंद सिंह अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेनों के ठहराव को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



**▸ किसान नेताओं को 15 दिन के अंदर ट्रेनों के ठहराव का दिया गया आश्वासन**

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन किया गया और मौके पर पहुंचे एसडीएम एवं सीओ द्वारा एक पखवाड़े के अंदर ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराए जाने के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रेलवे स्टेशन परिसर में बड़ी संख्या में पहुंचकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और ट्रेनों के ठहराव की मांग करने लगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने कहा कि हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार को लेकर किसान यूनियन द्वारा अब तक तीन बार धरना प्रदर्शन किया जा चुका है यही नहीं डी आर एम लखनऊ से मिलकर भी हैदरगढ़ से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के ठहराव की मांग की जा चुकी है हर बार आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिल सका है। जिसके चलते आज चौथी बार किसान यूनियन द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है और यदि जरूरत पड़ेगी तो रेलवे का चक्का जाम भी किया जाएगा। इसी बीच मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी शम्स तबरेज खान एवं पुलिस उपाधीक्षक आलोक पाठक द्वारा प्रदर्शनकारी किसान नेताओं के साथ-साथ रेलवे के उच्च अधिकारियों से वार्ता की गई और किसान नेताओं को 15 दिन के अंदर ट्रेनों के ठहराव का आश्वासन दिया गया। इसके बाद किसान नेताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए धरना प्रदर्शन का समापन कर दिया। किसानों के इस धरना प्रदर्शन के समर्थन में बड़ी संख्या में पहुंचे अधिवक्ताओं ने भी हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की पुरजोर वकालत की और कहा कि इस जनहित के मुद्दे को लेकर जब भी जरूरत पड़ी अधिवक्ता क्षेत्र वासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने का काम करेंगे। इस धरना प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्लामा जिला अध्यक्ष विधि चंद्र यादव हरिराम यादव तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह महामंत्री कुंवर बहादुर यादव सियाराम यादव एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता अधिवक्ता मौजूद रहे।



# अलकनन्दा ग्रुप ने फाइनल मैच में बनाई जगह

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय युवा दिवस खेलकूद प्रतियोगिता के तहत सर्वोदय बाल विद्या मंदिर मोहम्मदपुर में सात दिवसीय खेल प्रतियोगिता के चौथे दिन प्रतियोगिता की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना और राष्ट्रगान के साथ हुई। प्रतियोगिता के चौथे दिन पहुंचे व्यापारी नेता योगेश द्विवेदी भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता रावत द्वारा फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई जिसमें सीनियर बालिका वर्ग खो खो में गंगा ग्रुप में यमुना ग्रुप को हराकर फाइनल पर कब्जा किया क्रिकेट मुकाबले में यमुना ग्रुप में गंगा ग्रुप को 8 विकेट से और अलकनंदा ग्रुप में सरस्वती ग्रुप को 10 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया शतरंज के मुकाबले में अलकनंदा ने सरस्वती ग्रुप और गंगा ने यमुना ग्रुप को मार देकर फाइनल में जगह बनाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रबंधक राजेश जेडी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज सिंह विनोद यादव सुरेश राजभर पप्पू सिंह राम सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पीएम आवास : पात्रों के चयन का कार्य हुआ शुरू

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** प्रधानमंत्री आवास के सर्वे के लिए गांव में लगाए गए दो दर्जन सर्वेयरों ने गांव में पहुंचकर पात्रों का चयन करना शुरू कर दिया है। यह जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी सर्वेयरों को ऐप इंस्टॉल करवा दिए गए हैं, और उनसे पूरी कर्तव्य निष्ठा ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ गांव में जाकर प्रधानमंत्री आवास का सर्वे करने के निर्देश दिए गये हैं। कर्मचारियों से कहा गया है कि शासन की मंशा के अनुरूप कोई भी पात्र व्यक्ति आवास से छूटने न पाये। बिना किसी के दबाव में आए पूरी पारदर्शिता के साथ दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करें, क्योंकि इस मामले में की गई लापरवाही किसी भी अवस्था में क्षम्य नहीं होगी।

### पारिवारिक कलह से परेशान महिला ने लगाई फांसी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** पारिवारिक कलह से परेशान महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची बदोसरांय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम घनश्याम दास पुरवा मजरे मधवापुर निवासी नीतू पत्नी रामसजीवन 35 ने घरेलू कलह से परेशान होकर बीती रात घर के कमरे में पंखे से साड़ी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी।

### प्रभारी मंत्री के निरीक्षण को लेकर तैयारियां जोरों पर

**जैदपुर बाराबंकी।** विकास खंड हरख क्षेत्र स्थित बरायन गांव के अंबेडकर पार्क में 20 जनवरी को प्रभारी मंत्री सुरेश राही द्वारा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, आस-पास के विद्यालयों और गौशालाओं का निरीक्षण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों में हलचल मच गई है और वे लगातार गांव का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। खंड विकास अधिकारी ने अंबेडकर पार्क का किया निरीक्षण इसीक्रम में, बरायन गांव की खंड विकास अधिकारी प्रीती वर्मा ने मौके पर पहुंचकर अंबेडकर पार्क का निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान अरविंद कुमार वर्मा ने गुरुवार दोपहरकरीब 1 बजे जानकारी दी कि प्रभारी मंत्री सुरेश राही के कार्यक्रम के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी को मंत्रीजी द्वारा समीक्षा बैठक और भ्रमण कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।

### फर्राटा भरने वाले वाहनो के विरुद्ध हुई कार्यवाही

**बाराबंकी।** नियमो को ताक पर रखकर फर्राटा भरने वाले वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। अभियान के दौरान ओवरस्पीडिंग, ड्रक एंण्ड ड्राइव, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, बकाया टैक्स, स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस की जांच करते हुये सख्त कार्यवाही की जा रही है। अभियान के विषय मे जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने विभिन्न मार्गो पर अभियान के दौरान फरवरी 2024 से बिना फिटनेस के स्कूली बस, 1 बस बिना स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस, 6 महीने से बकाया टैक्स समेत कुल 9 वाहनो को सीज किया गया।

# कूड़े के ढेर मे मिला नवजात मजदूर महिला ने अपनाया

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



फतेहपुर कस्बे के मोहल्ला गुठवनपुरवा में कूड़े के ढेर मे दबा एक नवजात शिशु पड़ा मिला। जिसकी हालत देख मोहल्ले का युवक उसको देखभाल के लिए घर ले आया। नवजात शिशु मिलने की सूचना क्षेत्र में फैली तो उसे देखने के लिए भारी भीड़ उमड पड़ी। कस्बा फतेहपुर के मोहल्ला गुठवन पुरवा में बुधवार को मोहल्ले के बीचो बीच कूड़े के ढेर से एक नवजात बच्चे के रोने की आवाज लोगो को सुनाई दी। जिसके बाद लोगो की भीड़ एकत्रित होने लगी। लोग जब कूड़े के ढेर के पास पहुंचे तो उसमें दबा हुआ उन्हें एक नवजात शिशु मिला। बच्चे की हालत देख लोगो का दिल सहम उठा। फिर तरह-तरह चर्चाएं शुरू हो गई कि कौन इस मासूम को इस स्थित में यहां पर डाल गया। मासूम को देख सभी उसके परिजनों की तलाश करने लगे। लेकिन पता नही चल सका। जिसके बाद मोहल्ले के मजदूरी पेशा सुशील कुमार की मां विद्यावती ने बच्चे को अपने घर ले आईं और उसको नहला धुलाकर गर्म कपड़े में लपेट कर ठंड से बचाने का प्रयास किया। फिर उसकी देखभाल शुरू कर दी। विद्यावती ने बताया कि कहीं कोई उनसे यह बच्चा ले ना ले इस डर से उन्होंने उसे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए किसी सरकारी डॉक्टर के पास लेकर नहीं गई हैं।

# महर्षि महेश योगी के जयंती समारोह का शुभारंभ आज से

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



रामनगरी में निर्माणाधीन महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय प्रांगण में महर्षि महेश योगी के 108वें जयंती समारोह का शुभारंभ 10 जनवरी यानी शुक्रवार से किया जाएगा। कायक्रम का विशेष आकर्षण प्रख्यात कवि और मानस प्रवचनकर्ता डॉ. कुमार विश्वास की राम कथा अपने-अपने राम होगी।

यह कथा तीनों दिन आयोजित की जाएगी,जिसमें श्रद्धालु रामायण के विभिन्न प्रसंगों को सुनकर लाभान्वित होंगे। गुरुवार को यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजन की देखरेख कर रहे महर्षि संस्थान के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव दी।वे इस तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करने के लिए आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया से मुखातिब थे। इस मौके पर श्रीवास्तव ने कहा कि इस भव्य समारोह के माध्यम से महर्षि महेश योगी को उनके योगदान के लिए पूरे विश्व में स्मरण किया जा रहा है। महर्षि महेश योगी को विश्व भर में एक महान वैज्ञानिक संत के रूप में जाना जाता है,जिन्होंने भारत के प्राचीन वैदिक ज्ञान और ध्यान योग की वैज्ञानिक पद्धति को जन जन तक पहुंचाया है। उन्होंने अपने गुरुदेव स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज के आशीर्वाद से 1960 के दशक में विश्व भ्रमण शुरू किया और वैदिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़कर इसे मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी सिद्ध किया। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि महर्षि महेश योगी ने शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा योगदान दिया।उनके प्रयासों से भारत में कई महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ,महर्षि विद्या मंदिर और विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई है।

# किसानों ने जमीन अधिग्रहण को लेकर तहसील पर रेलवे के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे

**सहजनवां गोरखपुर समृद्धि न्यूज।**




सहजनवा तहसील पर सैकड़ो की संख्या में लगभग कई गांव के किसान पहुंचकर रेलवे के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और आक्रोशित होकर प्रदर्शन भी किए। आपको बता दे की पूरा मामला ये है कि यूपी के गोरखपुर जिले के सहजनवा तहसील क्षेत्र के कई गांवों की जमीन को अधिग्रहण किया जा रहा है जिनमें से बनगांवा, चिरैयाडाण भप्सा खरैला ,अडिलापार, सरैया रहीमाबाद, तिनहरा भडसाड आदि गाँव के किसानों का कहना है कि रेलवे के द्वारा हम सभी की जमीनों की जबरन अधिग्रहण किया जा रहा है। वही किसानों का कहना है। कि जिम्मेदारों के द्वारा कोई भी लिखित तौर पर हम लोगों को विभाग के द्वारा कोई भी कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। हम लोग को शक है कि गीडा के सहयोग से ही हमारी जमीनों का अधिग्रहण करके रेलवे को बेचा जा रहा। वही किसानों ने बताया कि अगर हमारी जमीनों की अधिग्रहण करना है तो रेलवे विभाग की जिम्मेदार खुद हमसे मिले और हमें रेलवे विभाग के द्वारा सही मुआवजा मिलाता है।तो ही हम अपनी जमीनों को देंगे।

# निःशुल्क हर्बिसाइड्स व न्यूट्रिएंट्स का हुआ वितरण



**सहजनवां गोरखपुर समृद्धि न्यूज।**

इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन एवं प्लान्ट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में कॉर्टेवा एग्रीसाइंस सीड्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर आईजीएल द्वारा चारों ज़िलों गोरखपुर, कुशीनगर, सन्तकबीर नगर व् महराजगंज में कराये गए 25 एकड़ मक्के की खेती हेतु हर्बिसाइड्स एवं नूट्रीएंट्स का वितरण सभी किसान भाइयों को किया गया और उपयोग की विधि और मात्रा को कोर्टेवा एग्रीसाइंस के एग्रोनॉमी मैनेजर प्रदीप सिंह द्वारा बताया गया। कार्यक्रम का सञ्चालन एसोसिएट मैनेजर एडमिन अखिलेश कुमार शुक्ल ने किया और बताया की इन उच्च गुणवत्ता के दवाओं के प्रयोग से मक्के की अच्छी फसल की पैदावार होगी वही हर्बिसाइड्स से खेत के खरपतवार नष्ट हो जायेंगे जिससे सभी न्यूट्रिएंट्स मक्के के फसल को मिलेगा। उक्त कार्यक्रम में सहायक महाप्रबन्धक मानव संशाधन एवं प्रशाशन दशरथ मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मक्के की फसल के लिए उपयुक्त है और सरकार के माध्यम से भी निरन्तर मक्के के क्षेत्रफल में बढ़ोतरी के लिए नए नए योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभी हमने चार जिलों में डेमोंस्ट्रेशन फील्ड को लगाया है जिससे काफी बढ़िया प्रतिक्रिया प्राप्त हो रहा है इन जिलों में भी मक्के का क्षेत्रफल निःसंदेह बढ़ेगा। और इस शिविर में आये हुए सभी किसान भाईयों और एफपीओ के प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया और इस क्रान्तिकारी पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्यक्रम में यशोवर्धन पांडेय , अमिताभ पांडेय, शेषनाथ सिंह, महन्त प्रेम नाथ गिरी, अखिलेश मणि त्रिपाठी, व अन्य उपस्थित रहे।

# 1030 लोगों को राज्यमंत्री ने बांटे कम्बल



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

आदर्श नगर पंचायत टिकैतनगर के कार्यालय पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समय क्षेत्र में शीतलहर और कोहरे की स्थिति बनी हुई है, जिसे देखते हुए शासन-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। आदर्श नगर पंचायत टिकैतनगर में उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद व नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि उनकी सरकार हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों के हित में काम करती है। ठंड से बचाने के लिए 1030 कंबल वितरण किए गए हैं, उन्होंने कहा। साथ ही, कंबल वितरण के अलावा जगह-जगह अलाव जलवाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। टिकैतनगर की अधिशासी अभियंता शीलू अवस्थी ने राज्यमंत्री का स्वागत किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत परापांतर वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त 15वां 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत सप्लयारों से दिनांक 10.01.2025 से 16.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदाएं खोली जाएंगी।

**निविदा 100 रूपये**

| क्र. सं. | ग्राम पं | कार्य का विवरण | सामग्री आपूर्ति | कार्य की लागत | लम्बाई | धरोहर धनराशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परापांतर | रैन बसेरा निर्माण कार्य मड़ा बाबा मंदिर के पास | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, मौरंम आदि | 2.55 लाख | - | 2% | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता ब्रिकीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होने चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर/रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत,अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मड़वारी वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त 15वां 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत सप्लयारों से दिनांक 10.01.2025 से 16.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदाएं खोली जाएंगी।

**निविदा 50 रूपये**

| क्र. सं. | ग्राम पं | कार्य का विवरण | सामग्री आपूर्ति | कार्य की लागत | लम्बाई | धरोहर धनराशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मड़वारी | सीसी रोड निर्माण कार्य मेन रोड की सीसी से नाथूराम अहिरवार के मकान तक | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, मौरंम आदि | 4.98 लाख | 104 मीटर | 2% | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता ब्रिकीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होने चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर/रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत,अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत किल्होवा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त 15वां 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत सप्लयारों से दिनांक 10.01.2025 से 16.01.2025 तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदाएं खोली जाएंगी।

**निविदा 50 रूपये**

| क्र. सं. | ग्राम पं | कार्य का विवरण | सामग्री आपूर्ति | कार्य की लागत | लम्बाई | धरोहर धनराशि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | किल्होवा | सीसी रोड निर्माण कार्य भगवानदास के घर से संतू के घर तक | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, मौरंम आदि | 2.21 लाख | 37 मीटर | 2% | 6 माह |
| 2. | किल्होवा | सीसी रोड निर्माण कार्य खेमचन्द्र के घर से मेन रोड तक | सीमेन्ट, बालू, ईंटा, गिट्टी, मौरंम आदि | 3.49 लाख | 63 मीटर | 2% | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदार आपूर्तिकर्ता ब्रिकीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होने चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर/रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत,अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम URMILA SINGH CHAUHAN व जन्मतिथि 10.02.1961 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम URMILA व जन्मतिथि 01.01.1950 है। URMILA M/o of Army NO-3001952P, Rank- Hav, राजेश सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-बरीहा, रामनगर, जनपद-मैनपुरी, उत्तर प्रदेश-206302, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160274, 09 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम PRAVESH SINGH CHAUHAN व जन्मतिथि 20.01.1959 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम PRAVESH SINGH व जन्मतिथि 01.01.1955 है। PRAVESH SINGH F/o of Army NO-3001952P, Rank- Hav, राजेश सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-बरीहा, रामनगर, जनपद-मैनपुरी, उत्तर प्रदेश-206302, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160273 , 09 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम UDYANATH PRADHAN दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम UDAYANATH PRADHAN है। UDAYANATH PRADHAN F/o of Army NO-3015341L, Rank- Nk, सुरेश चंद्र प्रधान, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-बुरुपाडा, पोस्ट-बादपुर, जिला-गंजाम, राज्य-ओडिशा-761005, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160271, 09 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम RAJPAL SINGH व जन्मतिथि 01.07.1955 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम RAJPAL व जन्मतिथि 01.01.1948 है। RAJPAL F/o of Army NO-3001845N, रैंक-हवलदार, सुबीकेश, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-खोखरी, पोस्ट-निर्जन, जिला-जींद, राज्य हरियाणा-126102, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160269, 09 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SHEELA DEVI व जन्मतिथि 01.07.1960 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SHEELA व जन्मतिथि 01.01.1955 है। SHEELA M/o of Army NO-3001845N, रैंक-हवलदार, सुबीकेश, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-खोखरी, पोस्ट-निर्जन, जिला-जींद, राज्य हरियाणा-126102, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160270, 09 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सूचना

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में मेरी पुत्री प्रतिज्ञा की त्रुटिवश जन्मतिथि 06.01.1987 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरी पुत्री प्रतिज्ञा की वास्तविक जन्मतिथि 01.01.1985 है। शांति देवी पत्नी स्व0 बीरपाल सिंह Army No-1041423, रैंक- ,एसडब्लूआर, ARMD अहमदनगर (महाराष्ट्र), निवासी ग्राम व पोस्ट मौधा, जिला फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश) शपथ पत्र नंबर-44AA147132, 08 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

# महाकुंभ: गंगा नदी को बनाएं निर्मल व अविरल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक की। समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंगा नदी को निर्मल व अविरल बनाए जाने हेतु चेलेंज रूप में कार्य करें और एक मिशाल बनाए कि कहीं से भी एक बूंद गंदा पानी गंगा नदी में न जाए। महाकुंभ 2025 को दृष्टिगत रखते हुए गंगा नदी की स्वच्छता हेतु संबंधित विभागीय अधिकारी अपनी-अपनी कार्य योजना बनाएं तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में गठित की गई निगरानी समितियां को एक्टिव मोड में लाएं। नाले का गंदा पानी जो सीधे काली नदी, गंगा नदी में जा रहा है उसे टैब किया जाए। एसटीपी से जोड़कर गंदे पानी को शोधन करने के बाद ही छोड़ा जाए। नालों में फिल्टर चेंबर भी समय से बना लिए जाएं। जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिए कि 22 गंगा ग्रामों में विजिट कर एक-एक कार्य को परखें, गंगा नदी में किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं जाना चाहिए और प्रत्येक दशा में सभी आरआरसी संचालित रहना चाहिए। एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान, सचिवों द्वारा 22 गंगा ग्रामों के गंदे पानी की रोकथाम हेतु क्या क्या कदम उठाए गए हैं और क्या कार्य किया जा रहा है, दो दिवस के अंदर सूचना उपलब्ध कराएं। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर क्षेत्र का भ्रमण कर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की मॉनिटरिंग की जाए। सड़कों/नालियों में कूड़ा फेंकने वालों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। विभागवार कराए गए वृक्षारोपण की गणना पंजिका की अद्यतन स्थिति सभी अधिकारी समय से उपलब्ध करा दें। 2025 में वृक्षारोपण कराए जाने हेतु सभी विभाग अभी से तैयारियां शुरू कर दे, जिससे लक्ष्य मिलने के उपरान्त किसी प्रकार की समस्या न होने पाए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान रोजगार की ओर लेकर जायेगी**

जिलाधिकारी ने आईटीआई बेहरिन के सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एक ऐसी योजना है। जो आपको स्वतः रोजगार की ओर लेकर जायेगी। विभिन्न ट्रेडो से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से जुड़कर अपना स्वतः रोजगार चला सकते है। अभी तक कोई ऐसी योजना नही आयी है। जो आपको बिना ब्याज के 5 लाख रू तक का लोन उपलब्ध करा सके। इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक की आयु 21 से 40 वर्ष की होनी चाहिए। यह योजना बहुत सारे परिवार को आर्थिक उन्नयन बनाने में मदद करेगी।

## देशी शराब के क्वाटर सहित युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अवैध शराब के विरुद्ध उच्चाधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने छापेमारी की और युवक को 14 क्वार्टर देसी शराब सहित दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक श्याम पाल सिंह ने बुधवार की सुबह लगभग 09.15 बजे ग्राम गढ़िया कछपुरा की ओर जाने वाले रास्ते के पास से मकरंद पुत्र राम सिंह निवासी गढ़िया कछपुरा को 14 क्वार्टर देसी शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध दफा 60 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

## दुकानदारों ने हर शुक्रवार को बन्दी रखने की उठाई मांग

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

दुकानदारों ने एक बैठक कर ईओ को एक लिखित पत्र देकर समधन में हर शुक्रवार को बन्दी रखने की मांग की गई है। गुरुवार को समधन नगर के दुकानदारों ने एक बैठक आयोजित की जिसमें दुकानदारों ने सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को बन्दी रखने की आवाज उठाते हुऐ एक लिखित पत्र नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह को दिया गया है। इस अवसर पर दुकानदारों में अच्छन खां, मजरुदीन, मोहसिन, मुईद, शकील, नूरआलम, शमीम, इस्लाम, इमरान,जकील ,फैजान, दानिश , अनस ,फैज, सुहेल,जुबैर,



निहाल, सलमान, अमन, शीबू ,सलीम ,एहतेशाम,आदि दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे। उधर अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह का कहना है कि बन्दी करना हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है वहां दुकानदारों की दिन बन्दी वाले मामले को उच्च अफसरों को अवगत करायेंगे।

# नौ केंद्रों पर होगी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

- 18 जनवरी आयोजित होने वाली परीक्षा में 3982 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कन्नौज/ जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**


नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को जनपद के कुल 9 परीक्षा केंद्रों पर होने वाली परीक्षा में 3982 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक पूरन सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निर्धारण कर दिया है। सभी केंद्रों पर परीक्षा सीसीटीवी कैमरों और नोडल अधिकारियों की निगरानी में होगी। अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 जनवरी को कक्षा छह में 80 सीटों पर प्रवेश के लिए परीक्षा सुबह 11 बजे से होगी। परीक्षा 100 अंकों की होगी। जिसमें 80 प्रश्न पूछे जाएंगे। बताया कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल, कैलकुलेटर किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गजट आदि ले जाना प्रतिबंधित है। जनपद में सेंट सेंटजेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुलिस लाइन्स, कन्नौज पब्लिक स्कूल, अकबरपुर सराय घाघ, महेन्द्र नीलम जनता इण्टर कॉलेज तिर्वा, सरदार पटेल इण्टर कॉलेज कचाटीपुर, जागरण पब्लिक स्कूल, सिटी चिल्ड्रेन अकादमी छिबरामऊ, किश्तु ज्योति अकादमी जलालपुर पनवारा, सेंट पॉल स्कूल छिबरामऊ, कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज मकरंद नगर को परीक्षा केंद्र बनाया गया। उमर्दा ब्लॉक के प्रवेश पत्र में परीक्षा केंद्र के नाम में त्रुटिवश हनेंद्र नीलम प्रिंट है। जिसको महेंद्र नीलम जनता इंटर कालेज समझा जाए। प्राचार्य ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह ने परीक्षा को नियमानुसार कराने के लिए सभी केंद्र व्यवस्थापकों को दिशा- निर्देश जारी कर दिए हैं।


जानकारी देते प्राचार्य एस.के पांडेय

# स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों का उपचार कर दी सलाह

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

राज्य आयुष सोसाइटी पब्लिक हेल्थ आउटरीच कैम्प कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक छिबरामऊ के ग्राम पंचायत खानपुर चौबे में पब्लिक हैल्थ आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ सर्वेश कुमार, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख सुषमा पाल प्रतिनिधि और ग्राम प्रधान नीलम भारती प्रतिनिधि ने दीप प्रज्वलित कर किया।जिसमें होम्योपैथ के डॉ कोमल राठौर, आलोक कुमार फार्मासिस्ट , आयुर्वेद के डॉ पायल सक्सेना, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट ललित अवस्थी, यूनानी डॉ मो शाकिब, फार्मासिस्ट कमरुद्दीन खान, योगा प्रशिक्षक शिव प्रताप ने कुल 386 रोगियों का उपचार किया। कैम्प में होमियोपैथ विधा के 97 मरीज, आयुर्वेद विधा के 111 मरीज, यूनानी के 102, योग में 76 मरीज सहित कुल 386 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया। इस दौरान नोडल अधिकारी रमन वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक नागेन्द्र सिंह कुशवाह, रिजवान सहित आदि रहे।



# जेल में बंदियों को बांटे कंबल, खिले चेहरे

**अभिषेक गुप्ता ने अपनी माता की पुण्यतिथि पर वितरण किए गर्म वस्त्र**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

सर्दी का प्रकोप बढ़ते ही समाजसेवी और संस्था के लोग गरीब और असहाय लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल और गर्म कपड़ो का वितरित कर रहे हैं। जिससे कि गरीब और असहाय लोग सर्दी से बचाव कर सकें।

गुरुवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार में हीरो बाइक एजेन्सी तिर्वा, गुरसहायगंज और जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल तिर्वा अभिषेक गुप्ता ने अपनी माता स्व. सरोज गुप्ता की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर निरूद्ध सभी महिला बंदियों को कंबल तथा उनके साथ रह रहे बच्चों को गरम वस्त्र तथा कारागार में निरूद्ध 50 गरीब, असहाय, कमजोर बुजुर्ग बंदियों को कंबल व कैप वितरित किए। गर्म वस्त्र पाकर बंदियों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान प्रभारी अधीक्षक कारापाल विजय कुमार शुक्ला, अरविन्द भदौरिया, रेशव गुप्ता, रवि शर्मा, आदर्श गुप्ता, उपकारापाल रामबहाल दुबे, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कटियार सहित प्रशासनिक कर्मचारी रहे।


जेल में कंबल वितरित करते अभिषेक गुप्ता

## खबरें एक नजर में

### स्वर्ण पदक विजेता मनु पाल का हुआ जोरदार स्वागत



**छिबरामऊ कन्नौज।** नौवी राष्ट्रीय लॉन बॉल्स चैंपियनशिप एवं पांचवी अंडर 25वीं लॉन बॉल्स चैंपियनशिप में फोर्स व टिपल्स में झारखंड के खिलाड़ियों को हराकर नगर की मनु पाल ने 2 स्वर्ण पदक हासिल किए थे। मनु पाल का नगर पहुंचने पर नगर के लोगों ने मनु पाल का जोरदार स्वागत किया। उनके नगर पहुंचने से पहले नेशनल हाईवे स्थित नवीगंज टोल प्लाजा, प्रेमपुर व पूर्वी बाईपास, फर्रुखाबाद चौराहा व सौरिख तिराहे पर श्री राम कथा वाचक पंडित प्रशांतनद तिवारी, रंजू पाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल व जबर सिंह पाल आदि ने जोरदार स्वागत किया।

### गौशाला में रखा हजारों रुपए का माल चुरा ले गए चोर

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** गौशाला में रखा नया समर पाइप नली के दो बण्डल एक पंखा चोर चुरा ले गये क्षेत्र के ग्राम गंगागंज गुरौली स्थित बनी गौशाला में पशुओं के लिये पानी का नया समर पाइप के दो बण्डल एक पंखा अज्ञात चोर चुरा ले गये गौशाला में तैनात अनिल कुमार ने गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे को एक लिखित शिकायती पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज करके अज्ञात चोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है। उधर रामाश्रम चौकी प्रभारी हरीश कुमार ने चोरी की घटना के बाबत जानकारी देते हुऐ कहा कि गौशाला में चोरी की घटना संदिग्ध है क्योंकि गेट में ताले लगे रहे जबकि एक चाबी ग्राम प्रधान अंजली सिंह के पास जबकि दूसरी चाबी चेन टेकर अनिल कुमार के पास थी घटना की जानकारी कर के चोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी सचिव विमल दुबे ने गोशाला में हुई चोरी की घटना की कोतवाली प्रभारी से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से नकदी बरामद



**छिबरामऊ, कन्नौज।** अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा 01 वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। नावालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में 5जी/6 पॉस्को एक्ट में वाँछित अभि. विकाश पुत्र बलवीर निवासी ग्राम भगवन्तपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज को पश्चिमी बाईपास से प्रनि अजय कुमार अवस्थी उनि दयाशंकर पाण्डेय हेका सुनील कुमार गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से पीडिता से छीने गये 25 हजार रुपये बरामद किए गये। बरामदगी के आधार पर मकुदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वढोत्तरी की गयी।

## रंजिशन युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर आरोपितों ने दो युवकों के साथ गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम जुनैदपुर निवासी संतोष कुमार पुत्र जगत सिंह कुशवाहा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 05 जनवरी की दोपहर लगभग 2.30 बजे अपने गांव जा रहा था। तभी रास्ते में हाईवे के निकट गढ़िया कछपुरा निवासी लालू और मकरंद उसके ताऊ के लड़के रिंकू के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर रहे थे। जब उसने लड़ाई के दौरान बीच बचाव किया तो उसके साथ भी अभद्रता की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भीषण सर्दी में गोवंशों को खिलाया गुड़



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

इन दिनों भीषण सर्दी में गोवंशों को गुड़ खिलाकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं किराना एसोसिएशन ने अनोखी पहल की है। एसडीएम उमाकांत तिवारी एवं खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू एवं किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ग्राम पंचायत लड़ैता की गौशाला में पहुंचे और वहां मौजूद 146 गौवंशों को गुड़ खिलाया। एसडीएम ने गौशाला का निरीक्षण कर गौवंशों को सर्दी से बचाने के उपायों की जानकारी ली।

नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने ग्राम प्रधान राजू से कहा गौवंशों पर डालने के लिए बोरो की झूल की आवश्यकता हो तो उपलब्ध करा देंगे। प्रदीप गुप्ता ने एसडीएम को बताया हर साल अपने खेतों का पूरा भूसा इस क्षेत्र की गौशालाओं में दान कर देते हैं। एसडीएम एवं बीडीओ ने दोनों पदाधिकारियों की सराहना करते हुए कहा उनके कार्यों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेना चाहिए। यह कार्य गोवंशों की देखभाल और संरक्षण के लिए एक अनोखी पहल है। हमें उम्मीद है कि यह आयोजन गौवंशों को सर्दी के मौसम में गर्मी और ऊर्जा प्रदान करेगा।

# भाकियू भानू व किसान क्रांति दल करेंगे बिजली घर पर प्रदर्शन

- ठेकेदार बिजली विभाग के साथ मिलकर तेज गति से लगा रहे हैं स्मार्ट मीटर

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन भानू व किसान क्रांति दल के पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10 जनवरी को छिबरामऊ बिजली विभाग का घिराव किया जाएगा। कारण बिना बिजली उपभोक्ताओं की अनुमति के उन्हें गुमराह करके स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जिसकी कस्टमर से अनुमति नहीं ली जाती है या तो उनको गुमराह कर दिया जाता है जबकि स्मार्ट मीटर लगने के ऐसी कोई आदेश पारित नहीं किए गए की सभी के स्मार्ट मीटर लगे नगर में भ्रमित कर ठेकेदार बिजली विभाग के साथ मिलकर स्मार्ट मीटर तेज गति से लगा रहे हैं इस बीच भोले भाले लोगों को लूटने का कार्य किया जा रहा है कभी बताया जाता है कि उनका मीटर खराब है उसके लिए उनसे पैसों की मांग की जाती है नहीं तो मुकदमा लिख देंगे जैसी धमकियां दी जाती हैं इसके खिलाफ में भारतीय किसान यूनियन भानू व किसान क्रांति दल उग्र आंदोलन करेगा 10 जनवरी को सभी पदाधिकारी सदस्य व किसान और नगर के लोग इस धरने में शामिल होंगे।

# दो छात्रों को पिकअप ने कुचला, एक की मौत

- कोतवाली क्षेत्र के मनीपुर्वा गांव के निकट गुरूवार की सुबह हुआ हादसा
- घायल का मेडिकल कॉलेज में चल रहा है उपचार

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के मनीपुर्वा गांव निकट गुरूवार की सुबह पेपर देने जा रहे बाइक सवार दो छात्रों को पिकअप चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक छात्र की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। ठठिया कस्बे के खेड़ा मोहल्ला निवासी अमित कुमार कुशवाहा उर्फ रग्घू (19) पुत्र महेन्द्र कुशवाहा अपने साथी आदित्य कुमार पुत्र कमलेश कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर बीएएसी प्रथम बर्ष का पेपर देने इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के लेलेपुर गांव जा रहा था।



दोनो छात्र चैधरी मोहर सिंह महाविद्यालय मंसुखपुर्वा में बीएएसी के छात्र थे। जब उनकी बाइक तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के मनीपुर्वा गांव के निकट पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा होते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने दोनो घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया।

यहां उपचार के दौरान अमित कुशवाहा ने दम तोड़ दिया। मौत की जानकारी मिलते ही अमित के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि अमित अपने परिवार को एकलौता चिराग था। उसकी तीन बहनें है। जिनकी शादी हो चुकी है। उसके पिता का करीब 08 बर्ष पूर्व कैंसर से निधन हो गया था। मामले में तिर्वा कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया के मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# मील का पत्थर साबित हो रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में बहुत सी जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता- पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में अक्षम है। वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की विवाह सफलतापूर्वक संपन्न करा पा रहे हैं। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) असीम अरुण ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत दुल्हन के बैंक खाते में 35000 रुपये जमा किए जाते हैं। इसके अलावा, दंपती को 10,000 रुपये की आर्थिक मदद वैवाहिक सामग्री खरीदने के लिए दी जाती है। साथ ही, आयोजन के लिए 6000 रुपये भी दिए जाते हैं। इस योजना के तहत कुल 51000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष 719 जोड़ो का विवाह सफलता पूर्वक हुआ। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के अन्तर्गत वृद्धजनो के जीवकोपार्जन हेतु सरकार द्वारा 1000 रूपये प्रति माह के हिसाब से दिए जा रहें है। जनपद में कुल 69633 वृद्धजनो को वृद्धावस्था पेंशन से लाभान्वित किया जा रहा है। जनपद में इस वित्तीय वर्ष 10583 नये लाभार्थी स्वीकृत किये गये है। कहा कि नये लाभार्थियों के चयन प्रक्रिया में गति बढ़ाई जाये तथा नये लाभार्थियों का चयन पात्रता के आधार पर किया जाये।

### जेल में बंद नबाब बने बार एसो. के उपाध्यक्ष

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नाबालिग से रेप के आरोप में जेल में बंद नवाब सिंह यादव बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष बने। नवाब निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए। नबाब सिंह यादव के खिलाफ किसी अधिवक्ता ने पर्चा नहीं भरा। नाबालिग से रेप के आरोप में जेल में बंद है। नवाब सिंह यादव। गैंगेस्टर एक्ट में भी पुलिस नवाब और उसके भाई नीलू पर कार्यवाई कर चुकी है। निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने जाने पर नबाब के समर्थकों ने खुशी का इजहार किया।

# महिला ने पति पर लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

- एसपी के आदेश पर पति के विरूद्ध जांच शुरू

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पति के गलत चाल चलन व दहेज की मांग से तंग आई मायके में रह रही महिला ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम मझपुरवा निवासी इरम बेगम पत्नी मोहसिन खान ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका पति मोहसिन जनपद जालौन में एक सरकारी विभाग में कार्य करता है। बताया कि उसका पति शिकोहाबाद में किसी लड़की के साथ संबंध स्थापित किए हुए हैं। जिसकी बजह से वह न ही उसे खर्च देता है और न ही घर पर आता है। अत्यधिक जोर दबाव देने पर घर आने पर मारपीट करता है और मायके से रूपये व गाड़ी लाने की मांग करता है। उसे कोई भी खर्चा नहीं देता है। साथ में रखने को लेकर अतिरिक्त दहेज की मांग करता है। वही पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपी पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर हुई गोष्ठी

- विशेषज्ञों ने साइबर अपराध से बचने के लिए इंजीनियरिंग स्टूडेंटस को दिए टिप्स

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरूवार को साइबर सुरक्षा और बौद्धिक सम्पदा अधिकारों पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें साइबर सुरक्षा से जुड़े प्रमुख मुद्दो पर प्रकाश डाला गया।



साइबर खतरों से बचने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित गोष्ठी का कॉलेज के निदेशक मनोज कुमार शुक्ला व कुल सचिव डॉ.बीडीके पात्रो व कार्यशाला समन्वयक डॉ.अभिषेक बाजपेई, डॉ.विवेक श्रीवास्तव व संयोजक शंशाक यादव तथा नवीन कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप पृज्जवलन कर शुरूआत कराई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए निदेशक मनोज शुक्ला ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य इंजीनियरिंग स्टूडेंटस को साइबर सुरक्षा और बौद्धिक सम्पदा के अधिकारों के महत्व से अवगत कराना है। उन्होने कहा कि मौजूदा डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता अत्यन्त आवश्यक है। जिससे छात्र भविष्य में इन क्षेत्रों में विशेषज्ञा हासिल कर अपने कैरियर को सुरक्षित व सफल बना सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआरडीओ हैदराबाद से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शांतनु चर्टजी ने साइबर सुरक्षा से जुड़े सभी मुद्दो पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि डिजिटल असेट्स, हैकिंग, मैलवेयर, फिशिंग और रैंसमवेयर जैसे साइबर खतरों पर विस्तार से चर्चा की और इनसे बचने के उपाय बताए। बौद्धिक सम्पदा विशेषज्ञ पूजा चौधरी ने बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के अन्तर्गत पैटेंट, डिजाइन, ट्रेडमार्क और कलात्मक कृत्रियों के सरंक्षण पर चर्चा की।

उन्होने गोपनीयता, व्यवसायिक महत्व के पहलूओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ.अरूण कुमार सिंह, अश्वनी कुमार उपाध्याय सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम के संचालन में इंजीनियरिंग स्टूडेंटस महक झा, प्रीति कुमारी, कुणाल नाथ, हरिवर्धन, देवेन्द्र, अंकित, सौरभ व धुव्र नरायन ने विशेष भूमिका निभाई।

# तीन के विरुद्ध कोर्ट के आदेश पर मुकदमा किया गया दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जमीन के विवाद को लेकर चल रहे मुकदमे की रंजिश में गांव के तीन लोगों ने युवक के मकान में आग लगा दी। इससे हजारों रुपये की संपत्ति को जलकर राख हो गई। इसको लेकर पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम रौतामई निवासी दिनेश चंद्र पुत्र स्वर्गीय दाताराम ने कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 03 सितंबर 2024 की रात लगभग 09 बजे वह अपने मकान की छत पर बैठा हुआ था। इसी समय उसके मकान के पास खड़े गांव के ही मनोज, राजन और हरनाम ने जमीन के मुकदमे की रंजिश को लेकर उसके घर के कमरे में जलती हुई माचिस की तीली और एक शीशी में पेट्रोल भरकर फेंक दिया। जिससे कमरे में आग लग गई। आग की चपेट में आने से कमरे के अंदर रखी तीन रजाइयां कीमत लगभग 15 हजार, दो कंबल कीमती लगभग 02 हजार रूपये, कागजात व पेंट की जेब में रखे 45000 रुपये जलकर राख हो गए। जिससे उसका हजारों रुपये का नुकसान हो गया। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पीएम सूर्य घर योजना की बैठक में ग्रामीणों को दी गयी जानकारी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर के संविलियन विद्यालय में पीएम सूर्य घर योजना की बैठक सम्पन्न हुई। ग्राम सचिव आशुतोष दुबे और सत्यम ग्रीन एनर्जी फ्यूचर इंडिया सोलर एंड कंपनी के दीपक गुप्ता ने बैठक में आये ग्रामीणों को बताया कि 7 विकास खंड में कस्बा अमृतपुर को इस योजना से जोड़ा गया है।



जानकारी देते विधायक सुशील शाक्य

ग्रामीण इस योजना के अंतर्गत 1 किलो वाट से लेकर 10 किलोवाट तक का सोलर प्लांट लगवा सकते हैं। ग्रामीण पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना द्वारा निजी आवास में ग्रेड कनेक्ट रुफटॉप सोलर पावर प्लांट लगवा सकते हैं। जिसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनुदान एवं लोन की भी व्यवस्था की गयी है। एक किलोवॉट का सोलर प्लॉट लगाने लगाने पर संयंत्र की अनुमानित लागत 65000 रुपये है। जिस पर 45000 रुपये सरकारी अनुदान है। 2 किलो वाट 130000 अनुमानित लागत है जिसमें 90000 रुपये अनुदान है। 3 किलो वाट का सोलर प्लांट लगाने पर 01 लाख 80 हजार रुपये अनुमानित लागत हैं जिसमे एक लाख आठ हजार रुपये अनुमन्य अनुदान है। प्लांट लगाने पर कुल 1 लाख 8 हजार तक ही सब्सिडी का प्रावधान है। एक मुश्त पैसे देने के बाद 30 दिन में सब्सिडी वापस खाते में आ जाएगी। जो उपभोक्ता एक मुश्त पैसे नहीं दे सकते उनके लिए लोन की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए वैण्डर के द्वारा जनसमर्थ पोर्टल पे लोन लेने वाले व्यक्तियों की जानकारी अपलोड की जाएगी और ये जानकारी नजदीकी बैंक में जाएगी जिससे उपभोक्ता को लोन उपलब्ध हो सकेगा। जिसके लिए उपभोक्ता को 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगेगा। बीडीओ सुनील जायसवाल ने बताया कि इस योजना के लिए बिजली विभाग को कोआपरेट करने के सख्त निर्देश हैं। प्रपोजल हैं कि 100 प्रतिशत सोलर होने पर 1 करोड़ रुपये का इनाम है जो गॉव के विकास कार्य में लगाया जायेगा।

उपभोक्ता इसका लाभ लेकर अपने बिजली बिल में दो तिहाई तक की बचत कर सकता है। साथ ही बताया कि उपभोक्ता सोलर प्लांट लगाकर लगभग 03.58 पैसे प्रति वॉट के हिसाब से इनकम कर सकता है जो कि वार्षिक खाते में ट्रांसफर हो जायेंगे। विधायक सुशील कुमार शाक्य ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिजली कम्पनियाँ घाटे में जा रही हैं। जिस पर विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही हैं और बिजली चोरी रोकने के लिए छापेमारी की जाती है। एक वार प्लांट लगवा लिया तो बिजली बिल की चिंता नहीं।



आज्ञात लोगों द्वारा तोड़ी गयी कब्रिस्तान की बाउंड्री

## कब्रिस्तान की बाउंड्री को अज्ञात लोगों ने तोड़ा, पुलिस से की शिकायत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कब्रिस्तान की बाउंड्री को अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ दिये जाने की शिकायत पुलिस से की गयी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला किदवई नगर निवासी मोहम्मद आशु पुत्र मुन्ना ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया पीड़ित का कब्रिस्तान मोहल्ला लोहिया नगर में है। करीब एक-दो दिन पूर्व अज्ञात लोगों द्वारा पीड़ित के कब्रिस्तान की बाउंड्री गिरा दी गयी। जानकारी होने पर पीड़ित मौके पर पहुंचा। जब पीड़ित के द्वारा मोहल्ले के लोगों से इस बावचत पूछा गया, तो किसी ने इस बात की जानकारी पीड़ित को नहीं दी। पीड़ित का कहना है कि किसी ने द्वेषवश घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने शिकायत की जांच कर कार्रवाई करने को कहा है।

# सातनपुर से कनपटियापुर जाने वाला मार्ग खस्ताहाल

**फर्रुखाबाद, समद्धि न्यूज।**

नगर के आसपास अब भी कई ऐसे गांव हैं जिनको जाने वाले मार्ग काफी जर्जर हैं। जिस पर चलना दुश्वार हो जाता है।

जानकारी के अनुसार सातनपुर मंडी के निकट कनपटियापुर जाने वाला रास्ता खस्ताहाल पड़ा है, लेकिन नगर पालिका की नजर इस ओर अभी तक नहीं पहुंची है। बताते चलें कि कई सालों से यह सड़क जर्जर बनी हुई है। हालांकि कई बार ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की, लेकिन उनकी बात नहीं सुना गया। जिससे यहां से गुजरने वाले अक्सर गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। क्षेत्रीय वाशिंदों का कहना है कि नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल वोट तो मांगने आ जाती हैं, लेकिन आज तक ग्रामीणों की समस्या की ओर उनका ध्यान नहीं गया। जिससे ग्रामीणों में रोष है। जबकि इस सड़क से काफी आवागमन होता है। उसके बावजूद भी अधिकारी इसे अनदेखा किये हुये हैं।

**आये दिन गिरकर चुटहिल हो रहे लोग**



ग्राम कनपटियापुर जाने वाला जर्जर मार्ग

# किसानों की फसलों के साथ-साथ उनकी जान के दुश्मन बने आवारा गोवंश

## दर्जनों की संख्या में भ्रमण कर बर्बाद कर रहे फसलें, पकड़वाने की उठायी मांग


**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

किसानों ने जनप्रतिनिधियों की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से आवारा खूंखार गोवंशों को तत्काल पकड़वाये जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में आवारा गोवंशों की समस्या आम जनमानस के लिए नासूर बन गई, क्योंकि शहर से लेकर गांव तक और गांव से लेकर किसानों के खेत तक बड़ी संख्या में आवारा खूंखार गोवंश विचरण करते हुए देखे जा रहे हैं। गांव की गलियों से लेकर किसानों के खेतों तक बर्बादी का कारण बने आवारा गोवंश जिन्हें पकड़वाये जाने के लिए ग्रामीण किसानों द्वारा समय-समय पर मांग की जाती रही। अफसोस प्रशासन द्वारा इस ओर आज तक ध्यान नहीं दिया गया। परिणामस्वरुप आज भी किसानों के खेतों में आवारा गोवंश तैयार फसलों की बर्बादी का कारण बने हुए हैं। किसानों का कहना है कि आवारा गौवंशों से फसलों को सुरक्षित बचाने के लिए रात दिन रखवाली कर रहे हैं। इसके बावजूद भी कहीं ना कहीं देर सबेर आवारा गोवंशों का झुंड खेतों में घुसकर उनकी फसलों को बर्बाद का रहा है।

ग्रामीण किसानों का कहना है कई बार रखवाली के दौरान किसानों को आवारा खूंखार गोवंशों का शिकार होना पड़ रहा है। शमशाबाद क्षेत्र के निवासी आनंद नामक किसान को उस वक्त आवारा खूंखार सांड ने दौड़ाकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था, जब वह अपनी फसल की रखवाली के लिए खेत की ओर गया था। बताते हैं क्षेत्र में कलुआपुर, असगरपुर, नगला नान, बछलैया, रोशनाबाद, सुतहड़ी, उलियापुर, बलीपुर भगवंत, हजियांपुर, कुइयांधीर, पसियापुर, सहित तमाम इलाकों में आजकल आवारा गोवंशों का झुंड देखा जा रहा है। ग्रामीण किसानों के अनुसार घरों से निकलने के बाद गलियों से गुजरते समय पहले आवारा गौवंशों के झुंड से ही सामना होता है। लोगों का कहना था एक समय था जब इस क्षेत्र में गरीब किसानों की बर्बादी का कारण बंदरों का हुजूम और जंगली सुअर हुआ करते थे, लेकिन आजकल आवारा गोवंश बर्बादी की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। किसान बताते हैं वर्तमान में आवारा गोवंशों से फसलों को बचाने के लिए सर्दी के मौसम में रात भर जागना पड़ रहा है।

जब खेतों में आवारा गौवंशों का झुंड घुसता, तो उन्हें भगाने के लिए ढोल बजाने के साथ शोर मचाना पड़ता है। अधिकांश गौवंश भागने की बजाय किसानों की जान के दुश्मन बन जाते हैं। फिलहाल ग्रामीण किसानों ने जिला प्रशासन से आतंक के पर्याय बने आवारा खूंखार गोवंशों को पकड़वाकर क्षेत्रीय गौशालाओ में छुड़वाये जाने की मांग की है।



गेहूं की फसल को खा रहे आवारा गौवंश

# चक्की के पटे में उलझकर बालिका की मौत



घटनास्थल पर रोते बिलखते परिजन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

चक्की के पटे में उलझकर बालिका की मौके पर ही मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

जानकारी के अनुसार राजेपुर कस्बा निवासी राजू की 11 वर्षीय पुत्री आयुषी खेलते हुए आटा चक्की कारखाने पर पहुंच गई। जहां उसका कपड़ा आटा चक्की के सापिट में उलझ गया। उस समय आटा चक्की चल रही थी। उलझी हुई बच्ची के कई पटकनी लगी। जब तक कोई कुछ समझ पाता और इंजन बंद किया जाता तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की, लेकिन परिजनों ने बच्ची का पंचनामा भरवाने से मना कर दिया। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अचानक घटी इस घटना से सभी पड़ोसी स्तबद्ध रह गए और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतका चार भाई बहनों में तीसरे नम्बर की थी। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जाँच पड़ताल की।

## भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष ने दर्ज कराया मुकदमा

**ट्विटर हैंडल पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का मामला**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले भीम आर्मी जय भीम के जिला अध्यक्ष वीरेश सिंह गौतम पुत्र स्व0 रामराज निवासी ग्राम गनुआपुर थाना अमृतपुर ने अमृतपुर थाना पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया की आज गुरुवार को अंबेडकरवादी सेना के ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट देखी जिसमें रौनक ठाकुर पुत्र आलोक उर्फ पिंकू निवासी कुम्हरौर थाना अमृतपुर ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को गाली देकर अपमानित किया। उन्होंने एक विशेष समुदाय को भी गाली देकर अपमानित किया है। जिसमें समाज में तनाव व्याप्त है और ऐसी टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# थाने के सामने ट्रैक्टर पलटा, चालक घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पाइप लाइन की लींकेज सही करने के लिए खोदे गये गड्ढे की मिट्टी पर ट्रैक्टर चढ़ गये। जिससे वह पलट गया। इस घटना में चालक घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार कानपुर-फतेहगढ़ मार्ग पर थाने के सामने नगर पंचायत की पानी की पाइप लाइन लींकेज ठीक होने के लिए गड्ढा खोदा गया था। जिसमें आज सायंकाल ट्रैक्टर चालक रजन मिश्रा निवासी कुन्दन नगला जो ट्रैक्टर लेकर अपनी रिश्तेदारी कन्नौज के गांव नवीगंज नौली निवासी मंजुल मिश्रा के यहां गया था। वहीं से वापस राम नगरिया जा रहा था।

उसी समय थाने के सामने मिट्टी में ट्रैक्टर चढ़ गया और पलट गया। जिसमें रजन निवासी कुन्दन नगला घायल हो गया। पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां इलाज के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं पलटे पड़े ट्रैक्टर को पुलिस ने जनता के सहयोग से सीधा करवाकर साइड में करवाया और आवागमन जो बाधित हो रखा था वह सुचारू रूप से चालू करवाया।



थाना के सामने पलटा पड़ा ट्रैक्टर व घायल चालक

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाली साइकिल यात्रा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

रामलीला ग्राउंड से नवाबगंज नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा साइकिल यात्रा निकाली गयी। इस दौरान सभी पदाधिकारी झंडे लिये थे।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा नगर के रामलीला ग्राउंड से नवाबगंज नगर में साइकिल यात्रा निकाली गयी। इस दौरान पदाधिकारी जयश्री राम, भारत माता की जय के उद्‌घोष करते हुए चल रहे थे।

साइकिल यात्रा में सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारियों ने भाग लिया। यात्रा में जिला शारीरिक प्रमुख रजत, जिला सेवा प्रमुख अतुल, जिला संयोजक बजरंग दल सुदीप,खंड कार्यवाह वीर सिंह, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, रामनिवास आचार्य, सर्वेश, अवनीश सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



साइकिल यात्रा निकालते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी

## बाइक फिसलने से देवर-भाभी घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव मिलकिया निवासी प्रीती उम्र 30 वर्षीय पत्नी विजय बहादुर अपने देवर वीरेश के साथ बाइक पर बैठालकर भाभी को उनके मायके कलान विक्रमपुर में पिता राम नरेश के यहाँ जा रहे थे। जैसे ही वह भगौतीपुर थाना कायमगंज के निकट पहुंचे, तभी बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार देवर- भाभी घायल हो गये।

आसपास के लोगों की मदद से घायल देवर-भाभी को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

# कैदी से मारपीट के मामले में जेलर 13 को तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**विकास सक्सेना ने जेलर के ऊपर रूपये न देने के कारण मारपीट किये जाने की शिकायत की**

जिला जेल में जानलेवा हमले में सजा काट रहे हिस्ट्रीशीटर कैदी विकास सक्सेना के साथ मारपीट किये जाने के आरोप में न्यायालय ने आरोपी जेलर को 13 जनवरी को कोर्ट में पेश होनें के साथ ही जेल अधीक्षक से निष्पक्ष आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के राजीव नगर निवासी कैदी विकास सक्सेना के साथ जिला जेल के जेलर पर मारपीट का आरोप लगा है। मामले में न्यायालय के आदेश पर बीते दिन विकास के आधा दर्जन चोट के निशान मिले थे। गुरुवार को न्यायालय नें मामले की सुनवाई के बाद आदेश जारी किया। विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र शैलेन्द्र सचान ने गुरुवार 9 जनवरी को दिये आदेश में कहा कि अभियुक्त विकास सक्सेना के चिकित्सीय परीक्षण में पाया गया कि उसके शरीर पर दो जगह मल्टीपल कन्टूजन व एक जगह कन्टूजन पाया गया। विकास सक्सेना ने जेलर के ऊपर रूपये न देने के कारण मारपीट किये जाने की शिकायत की है। विकास सक्सेना के मेडिकल अभिलेखों में चोटें आनें की पुष्टि हुई। इसके अलावा न्यायालय ने आदेश में कहा कि 7 जनवरी को घटना के दौरान रिकार्ड हुई सीसीटीवी की फुटेज को सुरक्षित करते हुए उसकी एक प्रति न्यायालय में दाखिल करें। यह देखें की क्या सीसीटीवी में घटना रिकार्ड हुई है। न्यायालय ने आदेश में कहा है कि विकास सक्सेना ने शिकायती पत्र व बयानों में जेलर का नाम नहीं बताया जा सका। लिहाजा जिला कारागार अधीक्षक अभियुक्त विकास सक्सेना से जेलर की पहचान कराकर उसका नाम स्पष्ट करे। नाम उजागर होनें के बाद आरोपी जेलर अपना पक्ष न्यायालय में तीन दिवस के भीतर पेश करें। साथ ही जिला जेल अधीक्षक को न्यायालय नें आख्या को निष्पक्ष रूप नें पेश करने के आदेश दिये हैं।

# मेला रामनगरिया में अंधेरा कायम, कल्पवासी व साधु संत परेशान

**आधी अधूरी तैयारियों से रोष, संतों ने अनशन करने की दी चेतावनी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट गंगा तट पर आबाद मिनी कुंभ कहे जाने वाले मेला श्रीराम नगरिया क्षेत्र में अभी भी काफी व्यवस्थायें हैं, जबकि मेले का उद्‌घाटन में एक दो दिन का समय ही बचा है। साधु संतों और कल्पसियों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। प्रशासनिक व्यवस्थाएं ना होने से साधु संतों में भारी आक्रोश है। संतों ने 13 जनवरी तक व्यवस्थाएं दुरुस्त न होने पर अनशन की चेतावनी दी है। 13 जनवरी पौष पूर्णिमा पर विधवत मेला रामनगरिया शुरू हो जाएगा। एडीएम ने मेला शुरू होने तक सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार कादरीगेट थाना क्षेत्र के पांचाल घाट गंगा तट पर लगे मिनी कुंभ कहे जाने वाले मेला श्रीरामनगरिया की शुरुआत 13 जनवरी से विधवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हो जाएगी। वहीं अगर बात करें प्रशासनिक व्यवस्थाओं की तो इस वर्ष मेला शुरू होने में चंद दिन ही बचे हैं, लेकिन अभी तक जो प्रशासन की तैयारी हैं वह आधी अधूरी है और मेला क्षेत्र में आए साधु संत और कल्पवासी अंधेरे में रात गुजार रहे हैं। जिससे साधु संत और कल्पवासी परेशान नजर आ रहे हैं।



मेला रामनगरिया में पसरा अंधेरा



मेले की खस्ताहाल सड़क

मेला क्षेत्र में अभी तक नल और लैट्रिन की व्यवस्था पूर्ण नहीं हो सकी है जिससे कल्पवासी परेशान हैं। लाइट न होने से साधु संतों के अखाड़ों समेत मेला क्षेत्र में अंधेरा छा जाता और मेला क्षेत्र के जो रास्ते हैं मार्ग हैं वह भी अभी तक पूरी तरह से तैयार नहीं किए गए हैं। जिससे साधु संतों और कल्पवासियों को मेला क्षेत्र में रेत होने की बजह से आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले पर श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के महंत व मेला रामनगरिया संत समिति के अध्यक्ष संत सत्यगिरी महाराज ने बताया 26 दिसंबर को हम लोग यहां पर आ गए थे। तब से अब तक लाइट की व्यवस्था नहीं हो सकी है। जिससे मजबूरी में रात अंधेरे में गुजारनी पड़ रही है। हमें आए हुए 14-15 दिन हो गए हैं। पूर्व में मेला क्षेत्र में 15 दिन पूर्व भी सारी व्यवस्थाएं हो गई थीं, लेकिन इस बार जैसा मेला हो रहा है ऐसा मेला कभी नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि मेला शुरू होने में चंद दिन बचे हैं। रात में अंधेरा रहता है मेला क्षेत्र में अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हुई है। करीब 90 प्रतिशत मेला लग चुका है। सत्यगिरी महाराज ने बताया कि मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवारा गोवंश घूम रहे हैं। वहीं जनपद हरदोई के थाना हरपालपुर के ग्राम पांडेपुर्वा से आए सुधीर कुमार पांडे ने बताया वह चार दिन पूर्व मेले में आ चुके हैं, लेकिन अभी तक लाइट की व्यवस्था नहीं हुई है। लैट्रिन भी नहीं बनी है। लाइट ना आने की वजह से फोन भी डेड हो गए हैं और घर पर बात भी नहीं हो पाती है। ग्राम गांधी से कल्पवास करने आई वृद्ध महिला मझली बिटिया ने बताया कि मेला क्षेत्र में आए हुए तीन दिन का समय हो गया है लेकिन अभी तक यहां पर लाइट की व्यवस्था नहीं हुई है और नल की भी व्यवस्था नहीं है पीने के लिए पानी गंगा जी से लेकर आते हैं।

## आज शाम तक सुचारु हो जायेगी लाइट की व्यवस्था-एडीएम



संतों से वार्ता करते एडीएम

मेला श्री राम नगरिया क्षेत्र की व्यवस्थाओं को लेकर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि मेला क्षेत्र के तीनों अखाड़ों में नल और शौचालय बनवा दिए गए हैं और यदि किसी को जरूरत है तो और नल लगवा दिए जाएंगे। साधु संतों के अखाड़े में शाम तक बेरीकेटिंग भी करा दी जाएगी और मेला क्षेत्र में आज शाम तक लाइट की व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित कर दी जाएगी। इसके संबंध में एक्शचियन विद्युत से बात हो गई है।

# बरेली रंग महोत्सव में जनपद के नक्श थिएटर के कलाकारों ने जीते अवार्ड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले की रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर के कलाकारों ने एक बार फिर बरेली रंग महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ नाटक के लिए प्रथम पुरस्कार सहित आठ अवॉर्ड जीतकर शहर का नाम रोशन किया। रंगालय अकादमी ऑफ आर्ट एण्ड कल्चर सोसायटी द्वारा चार से छः जनवरी को आयोजित पंद्रहवें बरेली रंग महोत्सव बारगम रंग महोत्सव अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में जिले की एकमात्र रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर को सर्वश्रेष्ठ नाटक मलेक्ष के मंचन के लिए प्रथम पुरस्कार मिला है। इसी के साथ नक्श थिएटर के एक्टर/डायरेक्टर अमित सक्सेना को सर्वश्रेष्ठ निर्देशन के लिए प्रथम अवॉर्ड, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए धीरज मौर्य को प्रथम अवॉर्ड, सर्वश्रेष्ठ चरित्र अभिनेता के लिए अधिवक्ता राज गौरव पाण्डेय को प्रथम व संध्या पाण्डेय को सर्वश्रेष्ठ चरित्र अभिनेत्री का प्रथम अवॉर्ड, सर्वश्रेष्ठ मंच सज्जा सत्या पाल प्रथम अवॉर्ड, सर्वश्रेष्ठ रूप सज्जा के नेहा सक्सेना को प्रथम अवॉर्ड, सर्वश्रेष्ठ प्रकाश सज्जा में शैली दिवाकर को द्वितीय अवॉर्ड मिला है।



पुरुस्कार के साथ नक्श थिएटर के कलाकार

बरेली से वापस लौटने के बाद सभी कलाकारों ने शहर के मेमरान स्थित नक्श थिएटर एवं एक्टिंग स्टूडियों में अपनी खुशी जाहिर की। नक्श थिएटर के डायरेक्टर अमित सक्सेना ने बताया कि बरेली में आयोजित रंग महोत्सव में दिल्ली, गाजियाबाद, गुजरात, कोलकाता, जमशेदपुर सहित अलग-अलग शहरों की नौ टीमों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें सर्वश्रेष्ठ नाटक सहित आठ अवॉर्ड जीते हैं। फर्रुखाबाद में नाट्य विधा को बढ़ावा मिले हमारी संस्था का यही उद्देश्य है।

इस मौके पर धीरज मौर्य, राजगौरव पाण्डेय, डॉ0 नावेद अलीम, संध्या पाण्डेय, विशाल सिंह, शुभम, अंकित गुप्ता, अकुश, प्रियांश राजपूत, दिलीप कश्यप, नेहा सक्सेना, सत्या पाल, ध्रुवी सक्सेना, लकी तिवारी, शैली दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने तीन लाख का आलू भेजा महाकुम्भ

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा आलू मण्डी सातनपुर से आलू लोड कर ट्रक द्वारा महाकुम्भ मेला प्रयागराज भेजा गया। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के सहयोग से व्यापारियों व समाजसेवियों द्वारा लगभग तीन लाख रुपये का आलू कुम्भ मेला प्रयागराज में कल्पवासियों के लिए भेजा गया।

इस बार महाकुम्भ मेला प्रयागराज में है। जहां खाने-पीने व भण्डारे की व्यवस्था अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व बजरंग दल के शिविर में हो रही है। जिसमें जनपद से आलू महाकुम्भ मेले में भेजा जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष विष्णु मिश्रा, अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष कौशल गुप्ता, इंडिया हेल्प लाइन के शिवम गुप्ता, व राष्ट्रीय छात्र परिषद के जिलाध्यक्ष सचिन दुबे, प्रिंस गुप्ता, सुमित गुप्ता, सुनील दीक्षित, जीत गुप्ता, जिला महामंत्री



कुम्भ मेले को रवाना करते आलू भरा ट्रक मौजूद लोग

सनी गुप्ता, रिन्कू गुप्ता, आजाद चन्द्रशेखर विनीत बाजपेयी, गौतम कुमार, सचिन दुबे, सुमित दुबे आदि लोगों ने जय श्रीराम उद्घोषों के साथ आलू भरे हुए ट्रक को प्रयागराज कुम्भ मेले के लिए रवाना किया।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन के विस्तार पर की गई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक संपन्न हुई। सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने अध्यक्षता की। संचालन जिला महासचिव अमित कुमार ने किया। बैठक प्रभारी जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र कठेरिया रहे।

बैठक को सफल बनाने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष ने संगठन की विस्तार देते हुए विवेक शर्मा को जिला सचिव, बलवीर शर्मा को जिला कार्यकारिणी सदस्य योगेश कुमार को जिला सदस्य



बैठक में मौजूद सपा सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी

आदि पदाधिकारी बनाकर जिम्मेदारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा राजपाल सिंह का निधन हो जाने पर सैनिक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रदेश सचिव रामाधार सिंह यादव, प्रदेश सदस्य छोटे सिंह यादव, बेच लाल यादव, राजेंद्र सिंह, सर्वेश कुमार, रघुवीर सिंह, बहादुर सिंह, कश्मीर सिंह, बलवीर सिंह शर्मा, वेद प्रकाश गौतम, भूपेंद्र सिंह, शंभू दयाल, योगेश कुमार, विवेक शर्मा, दीप सिंह, बलराम सिंह यादव, राजीव सिंह यादव, अशोक यादव आदि उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा के प्रति चालकों को किया गया जागरूक

- ओवरलोडिंग वाहन को सीज कर लगाया गया जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत डीएम के निर्देश पर परिवहन कार्यालय में गुरुवार को बस, ऑटो, ई-रिक्शा तथा टैक्सी चालकों एवं उनके यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें 32 लोगों ने प्रतिभाग किया।

यूनियन पदाधिकारियों एवं चालकों को संबोधित करते हुए एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी ने कहा कि बस, ऑटो, ई-रिक्शा तथा टैक्सी आम जनता के आवागमन के साधन के रूप में संचालित होती है, अतः सभी चालकों को सड़क सुरक्षा के





बैठक को सम्बोधित करते एआरटीओ



थाने में खड़े ओवर लोड ट्रक

नियमों का पालन करते हुए सावधानी के साथ वाहन चलाना चाहिए, ताकि सड़क पर चलने वाले व्यक्ति एवं वाहन में बैठी हुई सवारी सुरक्षित रहे। सभी परिवहन यानो के स्वामियों एवं चालकों को अपने प्रपत्रों की जांच करते रहना चाहिए, ताकि किसी दुर्घटना की स्थिति में बीमा कंपनी से क्लेम मिल सके। वाहन की फिटनेस जांच नियमित अंतराल पर कराएं। नशा, नींद तथा तेज रफ्तार में कभी भी वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा मोबाइल फोन का प्रयोग बिल्कुल भी ना करें।

परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर चालकों हेतु स्वास्थ्य जांच कार्ड बनाए जाते हैं, जिनके माध्यम से राजकीय चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है, ताकि चालक स्वस्थ स्थिति में ही वाहन चलाएं। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने सभी से नगर में नियमानुसार चलने की अपील की, ताकि शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा जुर्माने की दरों में बढ़ोतरी की गई है, जिसका उद्देश्य चालकों के मन में यातायात नियमों के पालन का भाव उत्पन्न करना है। वहीं एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने राजेपुर थाना क्षेत्र में चेकिंग करते हुए कर अपवंचना तथा बिना फिटनेस संचालित दो वाहनों को सीज कर उन पर 54 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। एआरएम परिवहन निगम राजेश कुमार के साथ संयुक्त चेकिंग करते हुए एक डग्गामार बस को पकड़ा गया तथा उस पर 31 हजार रुपये का जुर्माना आरोपित किया गया। इसके अतिरिक्त एक ओवरलोड संचालित माल वाहन को पकड़ कर थाना राजेपुर में सीज किया गया एवं उस पर 64 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### रामनगरिया में मां गंगा समिति के कार्यालय खुलवाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ द्वारा विगत कई वर्षों से पतित पावनी मां गंगा की स्वच्छता हेतु निरंतर कार्य कर रही है। समिति के पदाधिकारी प्रत्येक सप्ताह घाटों की सफाई कर खंडित मूर्तियों को भू-विसर्जित कर स्वच्छता बनाये रखने के लिए कार्य कर रही है। इस संबंध में समिति के पदाधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि समिति को मेला रामनगरिया में जगह दिलायी जाये। जिससे कल्पवासी व साधु-संत आदि को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक कर सकें। संरक्षिका मिथलेश अग्रवाल ने मासिक बैठक में प्रस्ताव पारित किया कि गंगा स्वच्छता के प्रति आम जन मानस को जागरुक किया जाये। ऐसे में मेला रामनगरिया में कार्यालय खोलने हेतु जगह दिलायी जाये, जो स्वच्छता अभियान को गति दे सके।

# सपा छात्रसभा व शिक्षक सभा की हुई मासिक बैठक



बैठक के दौरान मौजूद सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी छात्र सभा एवं समाजवादी शिक्षक सभा की मासिक बैठक कायमगंज विधानसभा में कृष्णपाल सिंह यादव के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया, साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने की। छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार बैठक में संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। इस दौरान शिवम यादव, राहुल यादव, रवि यादव, दीपक गंगवार, वीके गंगवार, अरविंद यादव, विपुल गंगवार, निर्दोष मौर्य, डॉ. विवेक, शिवम गंगवार, मयंक गंगवार, अनमोल गंगवार, शिवा गंगवार, विक्रांत गंगवार, प्रियांशु गंगवार, कुलदीप शाक्य, गुलफाम अहमद, सलमान अहमद, अनुपम कुमार, दीपक माथुर, सुमित यादव, कुलदीप यादव, विकास, सचिन यादव आदि मौजूद रहे। वहीं समाजवादी शिक्षक सभा की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष अरविंद यादव के निवास स्थित कैम्प कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता प्रभात कुमार यादव प्रदेश सचिव समाजवादी शिक्षक ने की। जिलाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि पीडीए के लोगों को एकत्रित करके जन-जन तक पार्टी से लोगों को जोड़ने की अपील करें तथा अपने-अपने बूथ पर सभी लोग नए वोट बनवाने में सहयोग करें।

प्रत्येक बूथ पर 50-50 वोट सभी शिक्षक पदाधिकारी को बढ़ाने होंगे। बैठक में ऋषभ शर्मा, सांचीलाल कठेरिया, उत्तम कुमार, राम बिहारी राजपूत, मोहम्मद आरिफ आदि लोग मौजूद रहे।

# मानव जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व है: भगवताचार्य संतोष



कथा सुनाते भगवताचार्य व मौजूद भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


श्रीराधा माधव श्याम शक्ति लोहाई रोड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भगवताचार्य संतोष भाई ने कहा कि भगवान का नाम भजन जीवन का आधार है। संसार के प्रत्येक व्यक्ति ठाकुर जी के नाम का स्मरण करते है, जो निरंतर करते रहना चाहिए। इससे यह लोक और परलोक दोनों बनते है।

श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन सुनने से पापी से पापी व्यक्ति की मुक्ति हो जाती है। प्रसंग में गोकर्ण एवं धुंधकारी की कथा प्रेरणा देती है कि मानव जीवन में संस्कारों का बड़ा महत्व है। वह परिवार समाज में मात-पिता व भाई-बहन के द्वारा आते है। प्रत्येक परिवार में गीता, रामायण का अध्ययन करके उसके संस्कारों का आचरण करें तो जीवन सफल बन जाता है। मनुष्य जीवन ऐसा है उसे आप और हम जैसा चाहे वैसा बना सकते है। उन्होंने अध्यात्मिक जीवन, आहार, रहन-सहन, प्रभु नाम का जाप करने से जीवन सुखमय बन जाता है। ईश्वर उस पर करुणा दया अवश्य करते है। सत्संग, हरिनाम संकीर्तन से जीवन की मुक्ति और अगला जन्म भी सफल हो जाता है। भगवत कथा के यजमान सपत्नी जितेन्द्र अग्रवाल रहे। इस मौके पर सुरेन्द्र सफ्फड़, डॉ. मनोज महरोत्रा, डॉ. शिवओम अम्बर, बृजकिशोर सिंह किशोर, गिरधर गोपाल, पवन अग्रवाल, कन्हैया लाल जैन आदि व्यक्ति मौजूद रहे। महाआरती के साथ विराम हुआ।

# बाहर की मण्डियों में फर्रुखाबादी आलू की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर आलू मण्डी में गुरुवार को आमद 80 मोटर रही। साथ ही आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल की गिरावट आयी। 1201 रुपये से 1361 रुपये कुंटल आलू बिका। सुबह आलू की बिक्री ठीकठाक रही। 10 बजे के बाद आलू की बिक्री सुस्त हुई। फर्रुखाबाद का आलू बाहर के व्यापारी ट्रकों में लदान कर दूसरी मण्डियों में ले जाते है। जहां अच्छा खासा कमाते है। आलू की खुदाई जोरों पर है। बिक्री ठीकठाक है। कुम्भ मेला होने के कारण जनपद के आलू की खपत प्रयागराज में हो रही है। रोजाना 30 से 40 ट्रक आलू की लदान बाहर की मंडियों के लिए होता है, जो कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज के अलावा कोलकाता व आसाम एवं गुहाटी जाता है। आलू



मण्डी में लगा आलू का ढेर

कच्चा होने के कारण दो से तीन दिन के अंदर बिक्री कर ली जाती है। आलू पकने में 15 दिन का समय और लगेगा। फरवरी माह में कोल्ड स्टोरेजों में भी आलू का रखान शुरु हो जायेगा। आलू शीतगृह संघ की बैठक में आलू रखने का किराया तय किया जायेगा, तभी कोल्ड स्टोरेजों का मुहूर्त शुरु हो जायेगा।

# मिस ऐश्वर्या डांस चैंपियन व मिस खुशी को मिला डांस सुपर स्टार का खिताब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

21वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव की प्रतियोगिता के क्रम में समिति सभागार में डांस चैंपियन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतिभागियों ने आजा नचले, दीवानी मस्तानी, ढोला, वो कृष्णा है, चिकनी चमेली, घर मोरे परदेशी, कान्हा सो जाए जरा, डांस मेरी रानी एवं हिपोप आदि पर प्रतीभाओं का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में लगभग 25 से 30 प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने विशेष रूप से वेश भूषा पर विशेष ध्यान दिया। निर्णायकों ने ड्रेस,





सम्मानित होती डांस प्रतिभागी

प्रदर्शन, भाव के आधार पर अंकन किया। निर्णायकों के निर्णय के आधार पर मिस ऐश्वर्या वर्मा को डांस चैंपियन व मिस खुशी को डांस सुपरस्टार का खिताब दिया गया। मुस्कान वर्मा, नेहा पाल, दिव्यांशी राठौर एवं चांदनी तृतीय स्थान पर रही। इसके साथ ही ग्रुप डांस में प्राची, चांदनी, प्रिया, रिया एवं नेहा तृतीय स्थान पर रही। स्नेहा एवं मुस्कान द्वितीय एवं अवंतिका तथा मीनाक्षी प्रथम स्थान पर रही। डिंपल, नेहा, इल्मा, पलक, रागिनी, हिमानी, वैष्णवी, हर्षिता, अकांक्षा शर्मा एवं तानिश आदि ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

संचालन हर्ष दुबे ने किया। भाजपा महिला जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, नेहा श्रीवास्तव, आकाश, सच्चिदानन्द मिश्रा, सुनील सक्सेना, वीरेंद्र त्रिपाठी, डॉ0 कृष्णकांत अक्षर, डॉ0 संदीप शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग न करने वालों पर होगी कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण के संबंध में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक पंजीकृत विद्यार्थियों व शिक्षकों एवं माता-पिता व अभिभावकों को निर्धारित पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन तत्काल किये जाने व लक्ष्य प्राप्ती का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य व शिक्षकों को कक्षा 6 व कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं का पंजीकरण हेतु माता-पिता व अभिभावक के लिए परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किया जा रहा है। विभागीय कार्यों के प्रति शिथिलता बरतने वालों पर कार्यवाही होगी। ऐसे में सभी लोग जुड़े और कार्य को प्रगति पर लाये। वर्ष 2025 यूपी बोर्ड की परीक्षा निर्धारित समय 22 फरवरी से प्रारम्भ होने जा रही है। ऐसे में सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि तत्काल कड़ाई से अनुपालन करें, अन्यथा विभागीय कार्यवाही की जायेगी। सह जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह राठौर ने सभी माध्यमिक विद्यालयों को आदेशित किया है कि बोर्ड परीक्षा हेतु परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

### अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों ने लगाई फांसी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बदोसरांय थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवो में एक 21 वर्षीय युवक व एक 58 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। दोनों मामलों में पुलिस उपाधीक्षक रामनगर सौरभ श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय सन्तोष कुमार, उपनिरीक्षक सालिक राय आदि ने शवों को उतरवा कर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम खोर एत्मादपुर के 21 वर्षीय सुधीर कुमार साहू पुत्र मायाराम ने आत्म हत्या करने से पूर्व सुसाइड नोट छोड़ गया है ।जिसमे छः माह पूर्व कोर्ट मैरिज का हवाला भी है। लडकी के परिजनों द्वारा परेशान करने के चलते जीवन लीला समाप्त करने की बात कही गई है। पुलिस ने सुसाइड नोट को क़ब्ज़े में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

# प्राविधिक सहायक अधिकारी से हुई लूट, सिर पर किया हमला



**बेलहरा-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र में प्राविधिक सहायक अधिकारी से बदमाशो ने दिन दहाड़े आखों में मिर्च पाउडर डालकर उसके सिर पर किसी वस्तु से हमला कर दिया। हमले से लहूलुहान होकर अधिकारी जमीन पर गिर गए। उसके बाद बदमाशो ने उसकी बाइक लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुचीं पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराकर मामले में छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक लखनऊ जनपद के थाना महगाव के मिश्रीपुर निवासी हरीश कुमार के अनुसार,वह सूरतगंज ब्लॉक में स्थित राजकीय कृषि भंडार में कृषि प्राविधिक सहायक के पद पर तैनात है। फतेहपुर कोतवाली इलाके के खेरिया रेंज के पास स्थित उसका आवास है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे बाइक से मोहम्मदपुर खाला इलाके के चन्दूरा गांव निरीक्षण के लिए जा रहे थे। आरोप है कि जैसे ही वह चककाजीपुर गांव के पास स्थित पुल से सूरतगंज रोड जा रहा था कि नहर पटरी पर सामने से पैदल आ रहे दो बदमाशों ने उनको रोक लिया ओर उनकी आंखों में कोई पाउडर डाल दिया।

जिससे हरीश की आखों में जलन होने लगी इस पर बदमाशों ने किसी वस्तु से उसके सिर पर हमला कर दिया। हमले में हरीश लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। इस दौरान बदमाश उसकी बाइक लेकर फरार हो गए।पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

# बिना हेल्मेट वाले दो पहिया वाहन चालकों को नहीं मिलेगा पेट्रोल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- 26 जनवरी से नो हेल्मेट नो फ्यूल की नीति होगी लागू
- सभी पम्प संचालकों को बड़े-बड़े होर्डिंग लगवाने व सीसीटीवी कैमरा सक्रिय रखने के दिये गये निर्देश

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने 26 जनवरी से नो हेल्मेट, नो फ्यूल की रणनीति लागू की गयी है।जनपद में वर्ष 2024 में 390 सड़क दुर्घटनाओं में 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि वर्ष 2023 में 401 सड़क दुर्घटनाओं में 197 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी।

एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने जानकारी दी कि केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा-129 एवं उ0प्र0 मोटर यान नियमावली-1998 के नियम-201 के अनुसार सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरो (बी0आई0एस0) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेडगियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा-177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें





जुर्माने का प्राविधान है। नो हेल्मेट, नो फ्यूल नीति लागू करने के सम्बन्ध में जनपद में स्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिये गये हैं कि आगामी 07 दिवसों में अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायें कि 26 जनवरी से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा। जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो। सभी पेट्रोल पम्प संचालक एवं स्वामी अपने प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा सदैव सक्रिय रखेगें, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पम्प स्वामियों को निर्देशित किया है कि वह अपनी पम्प पर 4वाई3 साइज के बैनर लगवाये, जिसमें नो हेल्मेट, नो फ्यूल लिखा होना चाहिए।

जिसकी फोटो खींचकर 10 जनवरी से विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चत करें।

